RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-321 | जयपुर, मंगलवार, 19 मई 2026 | मूल्य-4 रूपये

## दो बाइक की टक्कर में 4 युवकों की मौत

**लक्ष्मणगढ़।** सीकर के लक्ष्मणगढ़ में सालासर रोड पर दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में 4 युवकों की मौत हो गई। हादसा सनवाली गांव के पास सोमवार शाम 6 बजे हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने चारों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## न्यायाधीश जांच समिति ने लोकसभा अध्यक्ष को सौंपी अपनी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से जुड़े आरोपों की जांच कर रही न्यायाधीश जांच समिति ने सोमवार को संसद भवन में लोक सभा के अध्यक्ष ओम बिरला को रिपोर्ट सौंपी। लोकसभा सचिवालय के अनुसार न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत वैधानिक आवश्यकता के अनुपालन में प्रस्तुत की गई। इस रिपोर्ट को यथासमय संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखा जाएगा। इस समिति का गठन 12 अगस्त को लोकसभा अध्यक्ष ने किया था।

## जमीन बचाने के लिए किसानों का कलेक्ट्रेट घेराव

**सीकर।** सीकर जिले के तारपुरा और दादिया क्षेत्र के किसानों ने अपनी जमीन बचाने के लिए कलेक्ट्रेट पर महापड़ाव शुरू कर दिया है। प्रस्तावित तारपुरा एयरपोर्ट, नवलगढ़-बेरी-बसावा सीमेंट प्लांट रेलवे लाइन और जेरठी-दादिया अंडरपास के विरोध में हजारों की संख्या में किसान सीकर कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं। दादिया और तारपुरा गांव के किसानों ने एक विशाल महापंचायत का आयोजन कर सरकार की अधिग्रहण नीति पर कड़ा ऐतराज जताया था। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन एयरपोर्ट परियोजना के नाम पर दोनों गांवों की करीब 4,000 बीघा बेशकीमती कृषि भूमि अधिग्रहित करने की तैयारी कर रहा है।

### नॉर्वे ने पीएम मोदी को सर्वोच्च सम्मान दिया

# बढ़ती वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बदलाव जरूरी: मोदी

ओस्लो

नॉर्वे के राजा हेराल्ड पंचम में पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया है। यह नॉर्वे के सबसे बड़ा सम्मान माना जाता है। इसे मिलाकर अब तक पीएम मोदी को 32 अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। इससे पहले कल स्वीडन ने भी उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया था। पीएम मोदी ने आज नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में नॉर्वे के पीएम योनास स्टोर के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन देशों के बीच ऐतिहासिक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता लागू हुआ था।

पीएम मोदी के मुताबिक, यह समझौता भारत और नॉर्वे के बीच साझा विकास और समृद्धि का मजबूत आधार बनेगा। इस समझौते



के तहत अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश और 10 लाख नौकरियां पैदा करने का टारगेट रखा गया है।

### मोदी ने नॉर्वे के पीएम के साथ द्विपक्षीय मीटिंग की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास गार स्टोरे के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, निवेश, हरित ऊर्जा और वैश्विक मुद्दों समेत कई अहम विषयों पर चर्चा हुई। भारत 3और नॉर्वे के संबंधों को और मजबूत बनाने पर भी बातचीत की गई।

### जंग का हल सिर्फ बातचीत से निकल सकता है

नॉर्वे में मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया और यूक्रेन जैसे संघर्षों का समाधान बातचीत और कूटनीति से ही निकाला जा सकता है। सिर्फ सैन्य कार्रवाई से स्थायी शांति नहीं लाई जा सकती।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और नॉर्वे दोनों नियम आधारित व्यवस्था, बातचीत और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। चाहे यूक्रेन का मुद्दा हो या पश्चिम एशिया का, भारत शांति और जल्द संघर्ष खत्म कराने की हर कोशिश का समर्थन करता रहेगा। मोदी ने वैश्विक संस्थाओं में सुधार की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया की बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बदलाव जरूरी है।

उन्होंने आतंकवाद के मुद्दे का भी जिक्र किया और कहा कि हर तरह के आतंकवाद को जड़ से खत्म करना भारत और नॉर्वे की साझा प्रतिबद्धता है।

### नॉर्वे बोला- भारत जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ साझेदारी जरूरी

नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास गार स्टोरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओस्लो दौरे को बेहद महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में बढ़ती अनिश्चितता, तनाव और संघर्ष के दौर में उन देशों के साथ रिश्ते मजबूत करना जरूरी है, जिनके साथ समान मूल्यों और हितों को साझा किया जाता है।

स्टोरे ने कहा कि दुनिया में इस समय काफी तनाव और अनिश्चितता का माहौल है। ऐसे समय में उन देशों के साथ रिश्ते मजबूत करना जरूरी है जिनकी सोच और मूल्य एक जैसे हों।

उन्होंने कहा कि भारत और नॉर्वे जैसे लोकतांत्रिक देशों के बीच सहयोग बहुत अहम है। प्रधानमंत्री मोदी की ओस्लो यात्रा दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों को दिखाती है।

## नीट केस में महाराष्ट्र की केमिस्ट्री कोचिंग का डायरेक्टर अरेस्ट

### सीबीआई को फोन में लीक पेपर मिला, सेंटर पर भी छापेमारी





नई दिल्ली/मुंबई

नीट पेपर लीक केस में सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी हुई। सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार, रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ।

सीबीआई के मुताबिक मोटेगांवकर संगठित गिरोह का हिस्सा है, जो नीट पेपर लीक कराने और आगे फैलाने में शामिल है। उसने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर 23 अप्रैल को ही पेपर और आंसर की हासिल की और कई लोगों को दी थी।

सीबीआई ने 15 मई को मोटेगांवकर से उसके घर पर 8 घंटे पूछताछ की थी। मोटेगांवकर का लातूर समेत 7 जिलों में रेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेस नाम का कोचिंग सेंटर है। रविवार को सीबीआई ने RCC के मेन ऑफिस पर छापा मारकर कई डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जब्त किया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कोचिंग सेंटर का 100 करोड़ रूपए का टर्नओवर है। सीबीआई को शक है कि सेंटर में नीट कैंडिडेट्स को लीक पेपर के सवाल उपलब्ध कराए गए। साथ ही लातूर के कई डॉक्टरों ने लीक पेपर खरीदा।

सीबीआई ने रविवार को आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। जांच के दौरान मोटेगांवकर के मोबाइल फोन से कथित तौर पर नीट यूजी परीक्षा का लीक प्रश्नपत्र बरामद हुआ। इसके बाद एजेंसी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच एजेंसी का आरोप है कि शिवराज मोटेगांवकर उस संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य था, जो नीट यूजी 2026 परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने और उसे फैलाने में शामिल था।

## यूपी में ट्रक ने मैजिक को टक्कर मारी टीचर-इंजीनियर समेत 10 की मौत

लखीमपुर-खीरी

लखीमपुर खीरी में सोमवार सुबह 7.30 बजे मैजिक वाहन और ट्रक की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई। ये सभी मैजिक वाहन में सवार थे। 9 लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों में सरकारी टीचर और इंजीनियर भी शामिल हैं।

हादसा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर अदलीसपुर गांव के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मैजिक वाहन लखीमपुर से सिसैया की तरफ से जा रहा था। इसे बहराइच से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सामने





से टक्कर मारी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक में बैठे लोगों के सिर फट गए। लोग सीट के बीच में ही फंस गए। दो लोग उछलकर बाहर रोड पर गिरे। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। मृतकों के परिजनों का 2-2 लाख की आर्थिक मदद का ऐलान किया है। खमरिया के सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया- ट्रक बरेली के नगला फरीदपुर निवासी शेर सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। शेर सिंह ट्रक के दूसरे ओनर हैं। ट्रक पर गाजियाबाद की नंबर प्लेट है।

## पालघर में ट्रक-कंटेनर की टक्कर, 13 की मौत

### ट्रक में 100 से ज्यादा लोग सवार थे

पालघर

महाराष्ट्र के पालघर में मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर सोमवार को ट्रक और कंटेनर की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक सवार 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 से 25 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक डहाणू तहसील के बापूगांव से 100 से ज्यादा लोग एक सगाई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ट्रक में जा रहे थे। इसी दौरान पालघर जिले के धानीवरी गांव के पास सामने से आ रहे कंटेनर से ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।





टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक और कंटेनर दोनों सड़क पर पलट गए। हादसे में ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ट्रक में बैठे कई लोग उसके नीचे दब गए। मृतकों और घायलों में महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और हाईवे पुलिस मौके पर पहुंचे। लोगों की मदद से ट्रक में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया और तुरंत कासा उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर ट्रैफिक बहाल कराया। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में हादसे की वजह ट्रक ओवरलोड, तेज स्पीड और ड्राइवर की लापरवाही मानी जा रही है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर दुख जताया। में मरने वालों के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है।

## वीडी सतीशन बने केरलम के मुख्यमंत्री

### 64 साल बाद राज्य में किसी मुख्यमंत्री ने पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली

तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस नेता वीडी सतीशन सोमवार को केरलम के 13वें मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उनके अलावा पूरी कैबिनेट (20 मंत्रियों) को शपथ दिलाई। ऐसा 64 साल के बाद हुआ। इससे पहले राज्य के तीसरे कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे आर शंकर ने 1962 में पूरी कैबिनेट के



साथ शपथ ली थी, लेकिन 1964 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उनकी सरकार गिर गई थी। कार्यक्रम में राहुल और प्रियंका गांधी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री पी विजयन, बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर समेत सभी कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

केरलम की कैबिनेट में 14 विधायकों ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। इसमें सीपी जॉन और एन शमसुद्दीन, केएम शाजी, पीके बशीर और वीई अब्दुल गफूर, पीसी विष्णुनाथ, रोजी एम जॉन, बिंदु कृष्णा, टी सिद्दीकी, केए थुलसी और ओजे जनीश शामिल हैं।

## शुभेंदु का ऐलान- ममता सरकार के भ्रष्टाचार की जांच कराएंगे

कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने कैबिनेट बैठक में ममता सरकार में हुए भ्रष्टाचार के मामलों और महिला उत्पीड़न की जांच कराने का ऐलान किया है। इसके लिए 2 आयोग बनेंगे। दोनों आयोगों की अध्यक्षता कलकत्ता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे। सरकार ने इमाम, मुअज्जिन और पुजारियों को दिए जाने वाले मानदेय को 1 जून से बंद करने का फैसला किया है। साथ ही महिलाओं को अन्नपूर्णा योजना के तहत हर महीने 3000 रुपए देने, मुफ्त बस यात्रा शुरू करने का ऐलान किया है। बंगाल सरकार ने राज्य सरकार की नौकरियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में पांच साल की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया। सातवां वेतन आयोग गठित करने और OBC सूची में बदलाव जैसे अहम निर्णय भी लिए गए।

पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार ने मार्च में विधानसभा चुनावों के ऐलान के कुछ घंटे पहले ही इमाम, मुअज्जिन और पुजारियों को मिलने वाला मानदेय 500 बढ़ाया था।

## नमाज पढ़नी है तो शिफ्ट में पढ़िए, सड़क पर नहीं: योगी

### अव्यवस्था-अराजकता स्वीकार नहीं, प्यार से माने तो ठीक नहीं तो दूसरा तरीका भी है

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा सड़क पर नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं दी सकती। आपको सिस्टम के साथ रहना है, तो नियम-कानून मानना शुरू करें। नमाज पढ़नी है तो शिफ्ट में पढ़िए, हम रोकेंगे नहीं। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को दैनिक अखबार के स्थापना दिवस कार्यक्रम में संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा लोग पूछते हैं



आपके यहां यूपी में क्या सड़कों पर सचमुच नमाज नहीं होती? मैं कहता हूं कि कतई नहीं होती है। आप जाकर देख लो, नहीं होती है। सड़कें चलने के लिए हैं या कोई भी व्यक्ति चौराहे पर आकर तमाशा बना देगा? क्या अधिकार है उसको सड़क रोकने का, आवागमन बाधित करने का? जहां इसका स्थल है, वहां जाकर पढ़ो। योगी ने कहा कि लोगों ने मुझसे कहा, कैसे होगा, हमारी संख्या ज्यादा है? हमने कहा, शिफ्ट में कर लो। घर में रहने की जगह नहीं है, तो संख्या नियंत्रित कर लो और सामर्थ्य नहीं है तो क्यों संख्या बढ़ाए जा रहे? आपको सिस्टम के साथ रहना है, तो नियम-कानून मानना शुरू करें। नमाज पढ़नी है, आप शिफ्ट में पढ़िए। हम रोकेंगे नहीं, लेकिन सड़क पर नहीं। सामान्य नागरिक, कामगार व कर्मचारी सभी सड़कों पर चलते हैं, हम सड़क बाधित नहीं करने देंगे। प्यार से मानेंगे तो ठीक बात है, नहीं मानेंगे तो दूसरा तरीका अपनाएंगे।

### राजस्थान पुलिस की 810 नाकाबंदी पॉइंट्स पर 47 हजार से ज्यादा वाहनों की जांच

# मेगा अभियान में 11,504 एमवी एक्ट कार्रवाई, 274 आरोपी गिरफ्तार

### अवैध हथियार, शराब और नशे के खिलाफ कार्रवाई

जयपुर

महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर राजस्थान पुलिस द्वारा प्रदेशभर में चलाए गए दो दिवसीय सघन नाकाबंदी अभियान ने अपराधियों, ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा दिया। इस विशेष अभियान के दौरान कुल 810 नाकाबंदी पॉइंट्स लगाकर 47 हजार से अधिक वाहनों की जांच की गई, जबकि विभिन्न धाराओं में 274 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस



कानून एवं व्यवस्था वी के सिंह ने बताया कि शनिवार 16 मई को शाम 7 बजे से लेकर रात 10 बजे तक भरतपुर, उदयपुर व कोटा रेंजों में तथा रविवार 17 मई प्रातः 3 से लेकर 6 तक को बीकानेर, जोधपुर व जयपुर रेंजों के सभी प्रमुख मार्गों पर सघन चेकिंग की गई।

अभियान के तहत पुलिस ने दोपहिया और चौपहिया वाहनों की व्यापक जांच करते हुए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार प्रदेशभर में कुल 24,573 दोपहिया और 22,531 चौपहिया वाहनों की जांच की गई।

नाकाबंदी अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने, फर्जी या बिना नंबर प्लेट और काली फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 11,504 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की।

इनमें 757 शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर, 1667 बिना हेलमेट चालकों पर, 1484 बिना सीट बेल्ट, 191 मोबाइल पर बात करते वाहन चालक, 1438 संदिग्ध या बिना नंबर प्लेट वाले वाहन तथा 1017 काली फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शामिल रही।

नाकाबंदी अभियान में उदयपुर रेंज सबसे सक्रिय रही, जहां 2647 एमवी एक्ट कार्रवाई की गई, जबकि अजमेर रेंज में 2576 कार्रवाई दर्ज हुई। जयपुर रेंज में 1795, कोटा में 1768, भरतपुर रेंज में 1735, जोधपुर रेंज में 968 और बीकानेर रेंज में 15 कार्रवाई कर नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा कसा गया।

**274 की गिरफ्तारी**

अभियान के दूसरे चरण में पुलिस ने अपराधियों, तस्करों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष कार्रवाई करते हुए कुल 274 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 12 प्रकरण आर्म्स एक्ट, 41 आबकारी अधिनियम के, 10 एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण तथा 62 अन्य विशेष एवं स्थानीय कानूनों के तहत मामले दर्ज किए गए।

### हथियार, शराब और वाहन भी जब्त

अभियान के दौरान कई स्थानों पर अवैध हथियार, शराब और संदिग्ध वाहन भी जब्त किए गए। कोटा रेंज में 5 धारदार हथियार, 120 पव्वे देशी शराब, 2 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। वहीं 27 वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की गई। भरतपुर रेंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 05 लीटर अवैध शराब बरामद की और एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत 61 संदिग्ध वाहनों को सीज किया। एडीजी सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण, सड़क सुरक्षा और संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार के संयुक्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## कोलकाता में पुलिस पर पथराव, 3 जवान घायल

### अतिक्रमण हटाने के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा था

कोलकाता

कोलकाता में रविवार को पार्क सर्कस इलाके में अतिक्रमण हटाने के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस पर पथराव भी हुआ, जिसमें 3 पुलिसकर्मी घायल हो गई। सुरक्षा बलों के वाहनों में तोड़फोड़ भी की गई। पार्क सर्कस सेवन प्वाइंट क्रॉसिंग के पास बड़ी संख्या में लोग एंटी-एन्क्रोचमेंट ड्राइव के विरोध में जुटे थे। उन्होंने सड़क जाम करने की कोशिश की। पुलिस जब भीड़ को हटाने पहुंची, तो पथराव शुरू हो गया।

कोलकाता पुलिस के एडिशनल



कमिश्नर आशेष बिस्वास ने कहा- कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। बाकी की पहचान की जा रही है।

कोलकाता के तिलजला इलाके में पिछले हफ्ते एक फैक्ट्री में आग लगने से 2 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद प्रशासन ने इलाके में अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर चलाया। पार्क सर्कस में जुटे लोग इसी कार्रवाई का विरोध कर रहे थे।

## बेटे के टॉपर बनने पर सांवलिया सेठ को चढ़ाई चांदी की किताब



जयपुर (एजेंसी)। उदयपुर के प्रसिद्ध सांवलियाजी मंदिर के प्रति श्रद्धा और अटूट आस्था का एक बेहद अनोखा उदाहरण सामने आया है। अपने बेटे के शानदार परीक्षा परिणाम से खुश होकर एक परिवार ने अपनी मन्नत पूरी होने पर भगवान सांवलिया सेठ के दरबार में चांदी की एक विशेष किताब अर्पित की है। परिवार द्वारा दी गई यह अनोखी भेंट अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। उदयपुर के प्रताप नगर निवासी बर्तन व्यवसायी सुनील काबरा अपने बेटे चिन्मय काबरा और पूरे परिवार के साथ सांवलियाजी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने राजभोग आरती के दौरान भगवान को करीब 50 ग्राम चांदी से निर्मित यह अनूठी किताब भेंट की। व्यवसायी सुनील काबरा ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे के बेहतर भविष्य और अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए भगवान सांवलिया सेठ से विशेष मन्नत मांगी थी। हाल ही में घोषित हुए सीबीएसई 12वीं कॉमर्स के रिजल्ट में उनके बेटे चिन्मय काबरा ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि वह अपने स्कूल के टॉपर बनने के साथ-साथ पूरे जिले के टॉपर भी बने हैं। बेटे की इस ऐतिहासिक सफलता से पूरे परिवार में उत्सव और खुशी का माहौल है। इस मन्नत को पूरा करने के लिए चांदी की यह खास किताब अहमदाबाद के कारीगरों से विशेष ऑर्डर देकर तैयार करवाई गई थी। इस अनूठी किताब में कुल पांच पन्ने बनाए गए हैं। इसके पहले पन्ने पर एक तरफ 'श्री सांवलिया सेठ की जय' और दूसरी तरफ '12वीं पास' खूबसूरती से अंकित किया गया है। किताब के दूसरे पन्ने पर भगवान सांवलिया सेठ की मनमोहक तस्वीर उकेरी गई है, जबकि बाकी के पन्नों पर भगवान के जयकारे और विभिन्न धार्मिक चित्र बनाए गए हैं। मंदिर परिसर में चांदी की इस कलात्मक किताब को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। चिन्मय ने अपनी इस शानदार सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और भगवान सांवलिया सेठ के परम आशीर्वाद को दिया है। चिन्मय ने अपने भविष्य के लक्ष्यों को साझा करते हुए बताया कि वह आगे चलकर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने अभी से अपनी कठिन तैयारी भी शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, चिन्मय शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और वह अपनी 10वीं की बोर्ड परीक्षा में भी टॉपर रह चुके हैं। मंदिर में दर्शन और इस विशेष भेंट के दौरान चिन्मय के साथ उनके पिता सुनील काबरा, मां डिंपल काबरा और बहन चार्वी काबरा भी मौजूद रहीं, जिन्होंने भगवान का आभार व्यक्त किया।

## जब मैं राजनीति में नहीं हूं, तो मुझे उनसे ईर्ष्या क्यों होनी चाहिए?

चेन्नई (एजेंसी)। दिग्गज एक्टर रजनीकांत ने रविवार को अपने आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने राज्य के पूर्व सीएम एमके स्टालिन के साथ अपनी हालिया मुलाकात को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच अपनी राजनीतिक स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि विजय के सीएम बनने की खबर सुनकर वो हैरान थे। उन्होंने कहा कि वे अब राजनीति में सक्रिय नहीं हैं और कई सालों से इससे दूर हैं। रजनीकांत ने कहा कि उनके और विजय के बीच उम्र में 28 साल का अंतर है और विजय ने दो प्रमुख राजनीतिक दलों (डीएमके-एआईएडीएमके) के खिलाफ खड़े होकर स्वतंत्र रूप से अपनी पहचान बनाई है। जब मैं राजनीति में नहीं हूं, तो मुझे उनसे ईर्ष्या क्यों होनी चाहिए?

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रजनीकांत ने कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का फैसला इसलिए किया क्योंकि उनके राजनीतिक रुख और स्टालिन के साथ उनकी मुलाकात के बारे में बार-बार की जा रही आलोचनाओं का अगर जवाब नहीं दिया गया तो उन्हें सच मान लिया जाएगा। रजनीकांत ने चुनाव परिणामों के बाद स्टालिन के साथ अपनी मुलाकात का बचाव करते हुए कहा कि उनका रिश्ता राजनीति से परे है। उन्होंने कहा कि मुझे दुख हुआ कि एमके स्टालिन कुलथुर से हार गए। रजनीकांत कोई घटिया या निम्न स्तर के व्यक्ति नहीं हैं जो बेवजह किसी और बात पर टिप्पणी करें। रजनीकांत ने विजय के सीएम बनने पर अपनी प्रतिक्रिया को लेकर हो रही आलोचनाओं का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मेरे बारे में यह भी कहा गया कि मैंने एयरपोर्ट पर विजय को बधाई नहीं दी। उन्होंने कहा कि मैंने उनकी जीत के तुरंत बाद एक्स पर बधाई संदेश पोस्ट किया था। जब मैं राजनीति में नहीं हूं, तो मुझे उनसे ईर्ष्या क्यों होनी चाहिए? जिसके भाग्य में जो लिखा है, वो होकर रहेगा और जिसका नहीं लिखा है, वो नहीं होगा। बता दें रजनीकांत की यह टिप्पणियां चुनाव परिणामों के बाद तमिलनाडु में चल रही गहन राजनीतिक चर्चाओं और राज्य में फिल्म जगत की हस्तियों और मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियों के बीच राजनीतिक समीकरणों को लेकर अटकलों के बीच आई है।



## राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट हाई अलर्ट पर

हैदराबाद (एजेंसी)। राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को उस समय हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया जब नीदरलैंड से आने वाली एक अंतर्राष्ट्रीय उड़ान को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए प्राप्त हुई। धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं और एयरपोर्ट परिसर में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार, ईमेल में फ्लाइट को निशाना बनाने की बात कही गई थी, जिसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने पुलिस, बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया। यात्रियों और उनके सामान की सघन जांच की जा रही है, जबकि पूरे टर्मिनल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक किसी भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री की पुष्टि नहीं हुई है। स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और जांच पूरी होने तक सुरक्षा प्रोटोकॉल सख्ती से लागू रहेगा।

**एक दिन पहले भी मिली थी धमकी** – यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब एक दिन पहले ही कुआलालंपुर से हैदराबाद आ रही एयरएशिया की एक उड़ान को भी इसी तरह की बम धमकी मिली थी। हालांकि उस मामले में सुरक्षा जांच के बाद धमकी को झूठा पाया गया था। जांच में पता चला था कि ईमेल के जरिए फ्लाइट में आत्मघाती हमलावर होने का दावा किया गया था, जो बाद में निराधार साबित हुआ। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सुरक्षा जांच में सहयोग करें। सुरक्षा एजेंसियां धमकी देने वाले ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी हुई हैं।

# तमिलनाडु की राजनीति में थलापति विजय का नया धमाका

### – विश्वास मत जीतने के बाद अब राज्यसभा में एंट्री की तैयारी



**चैन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलापति विजय इस वक्त पूरे देश के राजनीतिक गलियारों में सबसे चर्चित चेहरा बन गए हैं। हालिया विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) को मिली शानदार सफलता के बाद वह राज्य में अपनी सरकार बनाने में कामयाब रहे हैं। अपने दम पर बहुमत के आंकड़े से थोड़ा दूर रहने के बावजूद विजय ने विधानसभा में भारी मतों से विश्वास मत हासिल कर अपनी राजनीतिक कुशलता का लोहा मनवा दिया है। अब उनके लिए एक और बड़ी खुशखबरी आने वाली है, जिसकी धमक सीधे दिल्ली दरबार तक सुनाई देगी। विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद टीवीके अब देश की संसद के ऊपरी सदन यानी राज्यसभा में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की पूरी तैयारी में है।

बीते तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में टीवीके ने राज्य की दशकों पुरानी स्थापित राजनीति को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया। पार्टी ने 234 सदस्यीय विधानसभा में अकेले 108 सीटों पर प्रचंड जीत हासिल की। थलापति विजय की यह उपलब्धि इसलिए भी बेहद अहम मानी जा रही है क्योंकि उन्होंने राज्य में पिछले करीब छह दशकों से चली आ रही पारंपरिक द्रविड़ राजनीति के वर्चस्व को चुनौती देकर तोड़ दिया है। उनकी इस शानदार जीत का सीधा असर अगले महीने होने वाले राज्यसभा के समीकरणों पर साफ दिखाई पड़ने वाला है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्यसभा में अपने सदस्य को भेजने की टीवीके की मुराद बहुत जल्द पूरी हो सकती है। इस पूरे घटनाक्रम की शुरुआत एआईएडीएमके के एक प्रमुख नेता से जुड़ी है। एआईएडीएमके के सी. वीई. शानमुगम ने हाल ही में मैलाम विधानसभा सीट से चुनाव जीता है। विधायक चुने जाने से पहले शानमुगम राज्यसभा के सदस्य थे, लेकिन चार मई को विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद उन्होंने नियमतः राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इसके चलते तमिलनाडु से संसद के ऊपरी सदन की एक सीट खाली हो गई है। खास बात यह है कि शानमुगम एआईएडीएमके के उस बागी गुट का हिस्सा हैं जिसने विश्वास मत के दौरान पार्टी लाइन से अलग जाकर थलापति विजय की सरकार को खुला समर्थन दिया था। ऐसे में इस खाली सीट के लिए अगले महीने उपचुनाव होने की पूरी संभावना है।

अगर विधानसभा के मौजूदा गणित को समझें, तो देश के आठ राज्यों में जून के मध्य में करीब 23 राज्यसभा सीटों के लिए उपचुनाव होने वाले हैं। इनमें से एक सीट तमिलनाडु की है। विधानसभा में बदले समीकरणों और संख्या बल के लिहाज से इस सीट पर टीवीके का दावा सबसे मजबूत है क्योंकि राज्य में इस वक्त उसके पास सबसे अधिक विधायक हैं। हालांकि राज्य में नियमित तौर पर जून 2028 में छह राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होने हैं, जिसमें संख्या बल के आधार पर टीवीके अपने दम पर आसानी से तीन सीटें जीत लेगी। लेकिन इस मौजूदा उपचुनाव में जीत दर्ज कर थलापति विजय की पार्टी संसद में अपना खाता खोल सकती है, जो दिल्ली की राजनीति में उनकी पार्टी की सीधी और धमाकेदार एंट्री होगी।


## सुप्रीम कोर्ट को मिलेंगे 4 नए जज, अब जजों की संख्या हुई 37, नियुक्ति को राष्ट्रपति मुर्मू ने दी मंजूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या को 33 से बढ़ाकर 37 कर दिया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026 को अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इस नए अध्यादेश के लागू होने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में आवश्यक संशोधन कर दिया गया है। इस फैसले की खास बात यह है कि जजों की इस बढ़ी हुई संख्या में भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल नहीं हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि मुख्य न्यायाधीश को मिलाकर अब सर्वोच्च न्यायालय में कुल न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 38 हो जाएगी। केंद्रीय कानून मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट कर बताया कि राष्ट्रपति द्वारा जारी इस अध्यादेश के माध्यम से मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या को 33 से बढ़ाकर 37 करने का रास्ता अब पूरी तरह से साफ हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा लिया गया यह फैसला देश की सबसे बड़ी अदालत में लंबित मुकदमों के भारी बोझ को कम करने के उद्देश्य से प्रेरित है। वर्तमान समय में न्यायालयों पर मामलों का अत्यधिक दबाव है, जिसके कारण न्याय प्रक्रिया में देरी होती है। सरकार को उम्मीद है कि जजों की संख्या में इस बढ़ोतरी से मुकदमों के निपटारे (केस डिस्पोजल) की कार्यवाही में तेजी आएगी। इससे न केवल न्यायिक प्रणाली सुदृढ़ होगी, बल्कि देश के आम नागरिकों को भी समय पर और जल्द न्याय मिल सकेगा।



## अब दो नहीं, तीसरा और चौथा बच्चा होने पर सरकार देगी हजारों का इनाम

### –आंध्र प्रदेश में घटती आबादी को लेकर सीएम चंद्रबाबू नायडू ने लॉन्च की योजना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आपका तीसरा बच्चा हुआ तो आपको किसी भी सरकारी स्कीम का फायदा नहीं मिलेगा ऐसा था, लेकिन अब आप भारत में दो से ज्यादा बच्चे होने पर आपको इनाम दिया जाएगा। हां यह सच है, तीसरे बच्चे पर आपको 30 हजार रुपए सरकार देगी। वहीं, चौथे बच्चे पर यह इनाम बढ़कर 40 हजार हो जाएगा। दरअसल, यह योजना आंध्र प्रदेश की तरफ से लॉन्च की गई है। इस योजना की घोषणा सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने की है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में घटती आबादी को लेकर चिंता जहिर करते हुए उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार तीसरे बच्चे के जन्म पर 30 हजार रुपए और चौथे बच्चे के जन्म पर 40 हजार रुपए की आर्थिक मदद देगी। इस योजना की पूरी जानकारी अगले एक महीने में जारी की जाएगी। सीएम ने यह घोषणा श्रीकाकुलम जिले के नरसन्नापेटा में आयोजित एक जनसभा के दौरान की। वह यहां स्वर्ण आंध्र-स्वच्छ आंध्र कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि समाज मिलकर जन्म दर बढ़ाने की दिशा में काम करे।

दिलचस्प बात यह है कि पहले सीएम चंद्रबाबू नायडू जनसंख्या नियंत्रण के पक्ष में रहे हैं, लेकिन अब उन्होंने अपनी सोच में बदलाव किया है। उनका कहना है कि राज्य में तेजी से बदलते सामाजिक और आर्थिक हालात के कारण परिवार छोटे होते जा रहे हैं। कई दंपति केवल एक ही बच्चा पैदा कर रहे हैं, जबकि कुछ लोग दूसरा बच्चा तभी चाहते हैं जब पहला बच्चा बेटा न हो। नायडू ने कहा कि इन वजहों से राज्य की जनसंख्या वृद्धि दर प्रभावित हो रही है।

उन्होंने बताया कि किसी भी समाज की आबादी को स्थिर बनाए रखने के लिए कुल प्रजनन दर यानी टीएफआर का 2.1 होना जरूरी है। अगर यह दर इससे नीचे चली जाती है तो भविष्य में बुजुर्ग आबादी बढ़ने लगती है और काम करने वाली युवा आबादी कम हो जाती है। सीएम नायडू ने कहा कि दुनिया के कई देशों में घटती आबादी और बढ़ती बुजुर्ग संख्या आर्थिक विकास के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो भारत के कुछ राज्यों में भी ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है।

# देश में कहीं बरस रही आग, कहीं तेज आंधी और बिजली से लोग परेशान

### –मौसम विभाग ने मध्यप्रदेश समेत 19 राज्यों में किया अलर्ट जारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मई की तपती दोपहर और रात में भी बदन झुलसा देने वाली गर्मी के बीच मौसम अब करवट लेता नजर आ रहा है। देश के कई हिस्सों में लोग इस समय दोहरी मार झेल रहे हैं। कहीं आसमान से आग बरस रही है तो कहीं तेज आंधी और बिजली लोगों की चिंता बढ़ा रही है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। यूपी, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पूर्वोत्तर समेत 19 राज्यों में तेज आंधी, गरज-चमक और भारी बारिश हो सकती है। कई इलाकों में 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चल सकती हैं।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह बदलाव सिर्फ राहत नहीं बल्कि खतरा है। खेतों में खड़ी फसल, सड़क पर चल रहे लोग और खुले इलाकों में मौजूद लोगों को खास सतर्क रहने की जरूरत है। इस बार गर्मी और प्री-मानसून एक्टिविटी एक साथ असर दिखा रही है। यही वजह है कि कुछ राज्यों में दिन में हीटवेव और शाम होते ही धूल भरी आंधी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के मुताबिक मध्य उत्तर प्रदेश और दक्षिणी राजस्थान के ऊपर बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर उत्तर और पूर्व भारत के बड़े हिस्से में दिखाई देगा।

पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय है, जिससे हिमालयी राज्यों में बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि की संभावना बढ़ गई है। दूसरी तरफ बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली नमी दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर राज्यों में तूफानी बारिश का कारण बन सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मई के तीसरे सप्ताह में यह सिस्टम और मजबूत होगा। इससे कई राज्यों में बिजली गिरने की घटनाएं भी बढ़ सकती हैं। दिल्ली-एनसीआर में जहां गर्म हवाएं लोगों को परेशान करेंगी, वहीं यूपी और बिहार में धूल भरी आंधी के साथ तेज बारिश हो सकती है।

राजस्थान और मध्य प्रदेश में लू का प्रकोप रहेगा, लेकिन कुछ हिस्सों में बादल राहत देंगे। कुल मिलाकर अगले 48 घंटे देश के मौसम के लिहाज से बेहद संवेदनशील माने जा रहे हैं। रांची, जमशेदपुर, बोकारो और धनबाद समेत कई जिलों में तेज आंधी और बारिश का अनुमान है। दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज बेहद अजीब बना हुआ है। दिन में तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर रही हैं, जबकि शाम के समय धूल भरी आंधी और हल्की बारिश की संभावना है।

उत्तर प्रदेश में मौसम सबसे ज्यादा अस्थिर नजर आ रहा है। लखनऊ, कानपुर, बरेली, बदायूं, हरदोई, जालौन और बुंदेलखंड के कई जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कुछ इलाकों में हवाओं की रफ्तार 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं। हालांकि बारिश से कुछ जिलों में तापमान में गिरावट आ सकती है, लेकिन बुंदेलखंड क्षेत्र में लू का असर जारी रहेगा।

बिहार में पिछले कुछ दिनों से मौसम तेजी से बदल रहा है। पटना, गया, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, कटिहार और बेगूसराय समेत कई जिलों में तेज बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार और रविवार को राज्य के कई हिस्सों में धूल भरी आंधी के साथ तेज बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है। किसानों और खुले क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

झारखंड में भी मौसम का मिजाज अचानक बदल सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य में प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो रही हैं। कई इलाकों में बिजली गिरने और पेड़ उखड़ने जैसी घटनाएं हो सकती हैं, लेकिन तेज हवाएं परेशानी बढ़ा सकती हैं। राजस्थान में फिलहाल गर्मी का कहर जारी है। हालांकि कुछ जिलों में धूल भरी आंधी और हल्की बूंदाबांदी से मौसम थोड़ा नरम हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान में अगले दो दिनों तक लू का असर बना रहेगा।

## देश में ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर घमासान, इकोलॉजिकल नुकसान का किया जिक्र

### कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लिखा पत्र



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर घमासान जारी है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर चिंता जताई है। रमेश ने इकोलॉजिकल नुकसान का जिक्र किया है। साथ ही उन्होंने आदिवासी समुदायों के भावना के उल्लंघन की बात कही। बता दें ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट भारत सरकार द्वारा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में शुरू किया जा रहा करीब 92,000 करोड़ रुपए का मेगा-इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है। इस परियोजना में एक बड़ा इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, एक ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक नया आधुनिक शहर और 450 मेगावाट का गैस व सौर ऊर्जा संयंत्र शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जयराम रमेश ने रक्षा मंत्री को पत्र लिखते हुए कहा कि 1 मई 2026 को भारत सरकार ने द ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट शीर्षक से एक एफएक्यू जारी किया था। इसके बाद 10 मई 2026 को मैंने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री को लिखा था कि ये एफएक्यू परियोजना को मिली पर्यावरणीय मंजूरियों को लेकर पूरी तरह भ्रामक तस्वीर पेश करते हैं, जो असल में बेहद संदिग्ध आधारों पर दी गई हैं।

उन्होंने कहा कि 13 मई 2026 को केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री को भी पत्र लिखा था कि ये एफएक्यू परियोजना की मंजूरी प्रक्रिया के तहत प्रावधानों के पालन की स्थिति को पूरी तरह गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं, जबकि असल में यह प्रक्रिया संसद द्वारा आदिवासी समुदायों को दिए गए व्यक्तिगत और सामूहिक अधिकारों का भावना और शब्द दोनों स्तरों पर खुला उल्लंघन करती है। उन्होंने पत्र में लिखा कि मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि हमारे देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की जरुरत पर कोई दो राय नहीं हो सकती। भारत की रणनीतिक क्षमताओं को विश्वसनीय तरीके से प्रदर्शित करने की जरूरत पर भी कोई मतभेद नहीं है। फिर भी, मैं आपके विचारार्थ निम्नलिखित बातें प्रस्तुत करना चाहता हूं।

ग्रेट निकोबार द्वीप के कैंपबेल वे में स्थित आईएनएस बाज को जुलाई 2012 में कमीशन किया गया था, लेकिन मौजूदा रनवे की लंबाई को कम से कम तीन गुना बढ़ाने और एक नौसैनिक जेट्टी बनाने की योजनाएं करीब पांच सालों से मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। इन योजनाओं के पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव भी कहीं कम हैं।

## यौन उत्पीड़न के मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री संजय कुमार का बेटा गिरफ्तार



**हैदराबाद (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार के बेटे बंदी भगीरथ को तेलंगाना पुलिस ने शनिवार को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई तेलंगाना हाई कोर्ट द्वारा भगीरथ को अंतरिम राहत देने से इनकार किए जाने के ठीक एक दिन बाद हुई है। गिरफ्तारी से पहले केंद्रीय मंत्री ने एक बयान जारी कर बताया था कि उन्होंने खुद अपने बेटे को पुलिस के समक्ष पेश होने और जांच में पूरी तरह सहयोग करने के निर्देश दिए हैं।

केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि कानून और न्यायपालिका के प्रति पूर्ण सम्मान दिखाते हुए उन्होंने अपने वकीलों के माध्यम से बेटे को तेलंगाना पुलिस के सामने पेश किया। मंत्री के अनुसार, उनका बेटा लगातार खुद को निर्दोष बता रहा है और इस संबंध में उसने अपने वकीलों को पुख्ता सबूत भी सौंपे हैं। वकीलों को उम्मीद थी कि कोर्ट से राहत मिल जाएगी, जिसके कारण आत्मसमर्पण में थोड़ी देरी हुई। लेकिन कोर्ट का आदेश आने का इंतजार किए बिना, न्यायपालिका के प्रति सम्मान और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उन्होंने बेटे को जांच के लिए पुलिस के हवाले कर दिया।

यह पूरा मामला करीब एक सप्ताह पहले तब शुरू हुआ जब एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की की मां ने भगीरथ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर पुलिस ने 8 मई को भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि भगीरथ के नाबालिग लड़की के साथ संबंध थे और उसने लड़की का यौन उत्पीड़न किया। पीड़िता ने भगीरथ पर गलत तरीके से छूने और जबरदस्ती शराब पिलाने के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। इस शिकायत के बाद पुलिस ने भगीरथ के खिलाफ एक लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया था।


दूसरी तरफ, आरोपी भगीरथ ने भी पुलिस में एक जवाबी शिकायत दर्ज कराई है। भगीरथ का दावा है कि लड़की उसे अपने पारिवारिक कार्यक्रमों और पार्टियों में बुलाती थी। इसके बाद उसके परिवार वालों ने उस पर शादी करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया और कथित तौर पर 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी। फिलहाल, इस हाई-प्रोफाइल मामले को लेकर राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है और केंद्रीय मंत्री को पद से हटाने की मांग उठने लगी है ताकि मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच सुनिश्चित की जा सके। पुलिस मामले के दोनों पक्षों की गहनता से जांच कर रही है।

# भारी तनाव के बीच कच्चा तेल लेकर भारतीय तट की ओर बढ़ा विशाल टैंकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में जारी गंभीर सैन्य संकट के बीच भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर एक बेहद सकारात्मक और राहत भरी खबर सामने आई है। तमाम रणनीतिक चुनौतियों और युद्ध के खतरों के बावजूद, ग्लोबल एनर्जी कॉरिडोर के नाम से विख्यात होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर कच्चे तेल से लदा एक विशाल टैंकर भारत की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। फारस की खाड़ी (पर्शियन गल्फ) क्षेत्र में ईरान और अमेरिकी सेना के बीच जारी भारी तनाव के बीच इस टैंकर का सुरक्षित निकलना भारत के लिए बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। शिप ट्रैकिंग आंकड़ों के अनुसार, करोलोस नाम का यह स्वेजमैक्स टैंकर इराकी कच्चा तेल लेकर होर्मुज स्ट्रेट को पार कर चुका है और ओमान की खाड़ी से होते हुए अरब सागर के रास्ते भारत की ओर अग्रसर है।

शिप ट्रैकिंग के हालिया आंकड़ों के मुताबिक, होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों की संख्या में इन दिनों भारी गिरावट दर्ज की गई है। पर्शियन गल्फ में जारी संघर्ष अब 12वें सप्ताह में प्रवेश कर चुका है, जिसके कारण समुद्री व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। युद्ध से पहले की तुलना में वर्तमान ट्रांजिट बेहद निचले स्तर पर बना हुआ है। अमेरिकी प्रशासन लगातार यह दावा कर रहा है कि ईरान जल्द ही अंतरराष्ट्रीय दबाव में झुक जाएगा, लेकिन तेहरान की ओर से होर्मुज पर अपनी पकड़ ढीली करने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। ईरान ने युद्ध समाप्ति की वार्ता में लौटने के लिए पांच कड़ी शर्तें रखी हैं, जिनमें सबसे प्रमुख शर्त होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को वैश्विक स्तर पर स्वीकार करना है।

जहाज ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, करोलोस टैंकर इराक के बसरा टर्मिनल से कच्चा तेल लेकर रवाना हुआ था। उपग्रह से मिली तस्वीरों और गुरुवार को ओमान की खाड़ी में इसकी स्थिति से संकेत मिला है कि यह जहाज पूरी तरह कच्चे तेल से लदा हुआ है। इस बीच, इराक से वियतनाम जा रहा एक अन्य तेल टैंकर अभी भी ओमान की खाड़ी में फंसा हुआ है, जिसे अमेरिकी नौसेना द्वारा रोके जाने की खबर है। होर्मुज जलमार्ग में फिलहाल सुरक्षा हालात बेहद नाजुक बने हुए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड का दावा है कि ईरान पर प्रतिबंध लागू करने के बाद अमेरिकी सेना अब तक 75 व्यावसायिक जहाजों का मार्ग बदल चुकी है। इसके अलावा, क्षेत्र में ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम संकेतों में बड़े पैमाने पर हो रहे हस्तक्षेप और ईरान से जुड़े जहाजों द्वारा अपने ट्रैकिंग सिग्नल बंद कर देने के कारण स्वतंत्र निगरानी करना कठिन हो गया है। इस अभूतपूर्व संकट और अनिश्चितता के दौर में भारतीय टैंकर का सुरक्षित निकलना देश की ऊर्जा जरूरतों के लिहाज से एक बड़ी खुशखबरी है।



# असामाजिक तत्वों द्वारा प्राचीन देव प्रतिमा खंडित करने पर फूटा जन आक्रोश, तेली समाज ओर विहिप ने दी आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत





**भीलवाड़ा।** शहर के प्रतापनगर स्कूल परिसर स्थित करीब 100 वर्ष पुरानी जुझार जी महाराज की प्राचीन मूर्ति को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किए जाने का सनसनीखेज मामला सोमवार को सामने आया। घटना के बाद स्थानीय तेली समाज, विश्व हिंदू परिषद (विहिप), बजरंग दल और आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रतापनगर थाना प्रभारी सुनील ताड़ा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। मामला प्रतापनगर थाना क्षेत्र स्थित प्रतापनगर स्कूल ग्राउंड का है। स्कूल परिसर के रनिंग ट्रैक के पास वर्षों पुराना चबूतरा बना हुआ है, जहां तेली समाज के गुटकणिया परिवार सहित स्थानीय लोग श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार खेल मैदान होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में खिलाड़ी और युवा आते हैं तथा अपनी खेल सामग्री भी चबूतरे के पास रखते हैं। इसी स्थान को निशाना बनाते हुए असामाजिक तत्वों ने मूर्ति पर किसी भारी हथौड़े या धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे मूर्ति चार टुकड़ों में टूट गई। सुबह घटना की जानकारी फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। तेली समाज के युवाओं के साथ विहिप के महानगर सह मंत्री सुशील सुवालका, कमल राजपुरोहित, प्रमोद शर्मा और राज सालवी सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। वहीं विहिप और बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए विहिप के भीलवाड़ा महानगर सह-मंत्री सुशील सुवालका ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व लगातार भीलवाड़ा शहर की शांत फिजा में जहर घोलकर भाईचारे और माहौल को खराब करने की घिनौनी कोशिशें कर रहे हैं। ऐसी ताकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जल्द से जल्द दोषियों को बेनकाब कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं।घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रतापनगर थाना प्रभारी सुनील ताड़ा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले को शांत कराने और मामला सुलझाने के लिए समझाइश के प्रयास शुरू किए। थाना प्रभारी सुनील ताड़ा ने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का मौका-मुआयना किया है। असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

# पिकअप व कार में जबरदस्त भिड़ंत, 10 जने हुए घायल





## मुंडन संस्कार से घर लौट रहे थे पिकअप सवार

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** नेशनल हाईवे 758 पर बिगोद कस्बे में ईच्छा मणी होटल के पास एक पिकअप व कार में आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें कार चालक सहित 10 जने घायल हो गए, घायलों का बिगोद चिकित्सालय में उपचार के बाद पांच को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया । सुचना पर बिगोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची । थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया कि बिगोद सवाईपुर रोड़ पर ईच्छा मणी होटल के पास सोमवार दोपहर को बिगोद से सवाईपुर की तरफ जा रही पिकअप की सामने से आ रही कार से जबरदस्त भिड़ंत हो गई, घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, आसपास के ग्रामीणों व राहगीरों ने घायलों को निजी वाहनों की वजह से बिगोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया । पिकअप सवार बड़लियास थाना क्षेत्र के होलिरड़ा निवासी जो रलायता गांव में धुणी वाले बाबाजी के मुंडन संस्कार कार्यक्रम के बाद वापस अपने गांव होलिरड़ा लौट रहे थे, इसी दौरान कार व पिकअप में आमने-सामने की टक्कर हो गई । हादसे में होलिरड़ा निवासी पूजा पुत्री नीरज वैष्णव उम्र 22 वर्ष, लहरी देवी पत्नी जगदीश वैष्णव उम्र 50 वर्ष, अनुसूया पुत्री विनोद वैष्णव उम्र 17 वर्ष, प्रहलाद पुत्र जगदीश वैष्णव उम्र 38 वर्ष, खुशी पुत्री कैलाश लुहार उम्र 12 वर्ष, कोमल पुत्री नाथू गाडरी उम्र 17 वर्ष, अपूर्वी पुत्री प्रहलाद वैष्णव उम्र 16 वर्ष, लाली देवी पत्नी भंवरलाल वैष्णव उम्र 55 वर्ष, उदलियास निवासी प्रेम देवी पत्नी शिव वैष्णव उम्र 60 वर्ष व कार चालक महुआ निवासी पारस जैन उम्र 40 वर्ष घायल हो गए । सभी घायल का बिगोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार किया गया, जहां से पूजा वैष्णव, पारस जैन, अपूर्वी बैरागी, लाली देवी, प्रेम वैष्णव के गंभीर चोट होने की वजह से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया । दुर्घटना के बाद में घटना स्थल और चिकित्सालय में परिजनों व ग्रामीणों की भीड़ लग गई, पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाया।

# सार्वजनिक जगहों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध पेनल्टी लगाये- जिला कलेक्टर

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आमजन को राहत एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से गर्मी के मौसम में लू एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु की गई तैयारियों की जानकारी ली।उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाईयां सहित आवश्यक संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें तथा चिकित्सा दल हर समय मुस्तैद रहे ताकि आमजन को त्वरित चिकित्सा सुविधा मिल सके।

उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को सार्वजनिक स्थलों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा बारिश से पूर्व नालों एवं नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए, साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध पेनल्टी की कार्रवाई करने को कहा।

जिला कलेक्टर श्री संधू ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को झूलते तारों एवं विद्युत लाइनों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आग लगने अथवा विद्युत संबंधी अन्य शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि किसी प्रकार की जनहानि अथवा दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो।

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री हेमाराम चैधरी, सीएमएचओ डॉ संजीव शर्मा, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री धनपत राज सोनी सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# उपभोक्ता मामलात विभाग ने पेट्रोल कम देने पर किया नोजल सील, भीलवाड़ा पेट्रोलियम डीलर्स सोसायटी ने जताया विरोध

**अब सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक ही मिलेगा पेट्रोल, प्रशासन की कार्रवाई से मचा हड़कंप**

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले में पेट्रोल पंपों पर कम पेट्रोल देने की शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए कई पेट्रोल पंपों के नोजल सील कर दिए। जांच के दौरान निर्धारित मात्रा से कम पेट्रोल-डीजल दिए जाने की पुष्टि होने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिससे जिलेभर में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के विरोध में सोमवार सुबह जिले के अधिकांश पेट्रोल पंप सुबह 9 बजे से 11 बजे तक बंद रहे। अचानक पंप बंद होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा और कई स्थानों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। ज्ञापन में जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए नियमानुसार निरीक्षण एवं कार्यवाही करने की मांग की गई है। एसोसिएशन के प्रतिनिधि जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू तथा एडिशनएल एसपी पारस जैन से भी मिले बंद के दौरान एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और सरकारी वाहनों जैसी आवश्यक सेवाओं को छूट दी गई। पेट्रोलियम डीलर सोसाइटी के बैनर तले संचालकों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की हैं। वही इसके साथ ही पेट्रोलियम डीलर सोसाइटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाओ अभियान के समर्थन में बड़ा फैसला लेते हुए पूरे जिले में रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक पेट्रोल पंप बंद रखने का निर्णय लिया है। हालांकि एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस, प्रशासन और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा। जिले में करीब 220 से अधिक पेट्रोल पंप हैं, जिनमें लगभग 10 कंपनी संचालित पंप खुले रहे, जबकि बाकी पंप बंद रहे। भीलवाड़ा पेट्रोलियम डीलर सोसाइटी के अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने कहा कि हाल ही में नापतोल विभाग द्वारा पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया, लेकिन कार्रवाई का तरीका अव्यवस्थित रहा। कई पंपों के नाम सार्वजनिक होने से डीलरों की छवि धूमिल हुई और पूरे पेट्रोलियम कारोबार की साख प्रभावित हुई। कुछ बड़ी औद्योगिक इकाइयां अपने निर्धारित स्त्रोतों से महंगा डीजल खरीदने के बजाय शहर और हाईवे के पेट्रोल पंपों से भारी मात्रा में डीजल भरवा रही हैं। इससे आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और ईंधन की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। इस संबंध में जिला रसद विभाग से जांच की मांग की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाओ अभियान के समर्थन में बड़ा फैसला लेते हुए पूरे जिले में रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक पेट्रोल पंप बंद रखने का निर्णय लिया है। हालांकि एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस, प्रशासन और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा। जिले में करीब 220 से अधिक पेट्रोल पंप हैं, जिनमें लगभग 10 कंपनी संचालित पंप खुले रहे, जबकि बाकी पंप बंद रहे। ज्ञापन देने के दौरान एसोसिएशन सचिव अशोक मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष दिनेश भक्त, महेश सोनी, राजकुमार ओझा, ईश्वर खोईवाल, गौतम, यशवंत यादव, कान सिंह खारड़ा, लोकेश सुवालका सहित कई सदस्य मौजद रहे।

# आसीन्द पुलिस की बड़ी कार्रवाईः कंटेनर की आड़ में हो रही थी चंडीगढ़ निर्मित शराब की तस्करी, 21 लाख की 249 पेटियां जब्त, चालक फरार

स्मार्ट हलचल|आसीन्द (भीलवाड़ा)

भीलवाड़ा जिले की आसीन्द थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने नेशनल हाईवे 148ष्ठ पर एक गुजरात पासिंग कंटेनर ट्रक से करीब 21 लाख रुपये कीमत की 249 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। शराब को कंटेनर की आड़ में छुपाकर ले जाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान रात के अंधेरे का फायदा उठाकर कंटेनर चालक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## गश्त के दौरान नाकाबंदी तोड़ भगाया कंटेनर

जानकारी के अनुसार, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आई.पी.एस.) के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सहाड़ा) बुधराज खटीक और वृताधिकारी (आसीन्द) ओमप्रकाश सोलंकी के सुपरविजन में 17 मई 2026 की रात आसीन्द थाना पुलिस का जाब्ता गश्त कर रहा था। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे 148ष्ठ पर एक संदिग्ध गुजरात पासिंग ट्रक कंटेनर को रुकवाने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर घबराए चालक ने कंटेनर नहीं रोका और उसे तेज गति से भीम की तरफ भगा ले गया।

## बामणी चौराहे पर कंटेनर छोड़ जंगल में भागा चालक

कंटेनर को भागता देख गश्त कर रहे जाब्ते ने तुरंत थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी को सूचना दी और कंटेनर का पीछा शुरू किया। पुलिस को अपने पीछे आता देख चालक घबरा गया। उसने बामणी चौराहे पर नेशनल हाईवे के किनारे कंटेनर को खड़ा कर दिया और खुद रात के अंधेरे का फायदा उठाकर पास के जंगल में भाग निकला। पुलिस ने जंगल और आसपास के इलाके में चालक की काफी तलाश की, लेकिन वह हाथ नहीं लगा।

जब पुलिस ने बामणी चौराहे पर खड़े कंटेनर की तलाशी ली, तो उसमें तस्करी का अनोखा तरीका सामने आया। भारी-भरकम कंटेनर के अंदर चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब की 249 पेटियां भरी हुई थीं। पुलिस ने तुरंत शराब और तस्करी में प्रयुक्त ट्रक कंटेनर को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार जब्त की गई शराब की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 21 लाख रुपये है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और कंटेनर के नंबरों के आधार पर मालिक और तस्करों की तलाश शुरू कर दी है।

## कार्रवाई में शामिल पुलिस टीमः

इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम का नेतृत्व थानाधिकारी (पु.नि.) श्रद्धा पचौरी ने किया। टीम में स.उ.नि. गुड्डूसिंह, कांस्टेबल कृष्ण कुमार, मांगीलाल और जगदेव का विशेष योगदान रहा। इनके अलावा टीम में स.उ.नि. उमराव प्रसाद, हेड कांस्टेबल नरपत सिंह, और कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार, महेन्द्र सिंह, महादेव सिंह, महेन्द्र विश्नोई व राहुल चौहान भी शामिल रहे।

# एमजी अस्पताल परिसर से बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

जिले की भीमगंज थाना पुलिस ने महात्मा गांधी (एमजी) अस्पताल परिसर से हुई वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। पकड़े गए आरोपी ने यह चोरी की बाइक एक अन्य शातिर बदमाश से खरीदना स्वीकार किया है, जिसे पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। भीमगंज थानाधिकारी (पु. नि.) सुनील चौधरी ने बताया कि एमजी अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर संजय जैन ने थाने में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि 16 जुलाई 2025 की सुबह 7:45 बजे उन्होंने अपनी काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल ('छ्व26 ष्टस् 5732) एमजी अस्पताल परिसर में खड़ी की थी। दोपहर 2:00 बजे जब उन्होंने आकर देखा, तो बाइक वहां से गायब थी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

अस्पताल परिसर जैसी व्यस्त जगह से हुई चोरी को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार एक विशेष टीम का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारसमल जैन और वृताधिकारी (शहर) सज्जन सिंह के सुपरविजन में पुलिस टीम ने अस्पताल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। परंपरागत पुलिसिंग और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने बिना नंबरी और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सवार युवक श्याम लाल गुर्जर (29) पुत्र रामलाल गुर्जर (निवासी- बैरा, थाना बागौर) को डिटेन किया। पुलिस ने जब बाइक के चेसिस और इंजन नंबर का मिलान किया, तो वह डॉक्टर संजय जैन की चोरी हुई मोटरसाइकिल निकली। पुलिस ने आरोपी श्याम लाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा (जेल) भेज दिया गया है।

# राजस्थान पुलिस की सघन नाकाबंदी से अपराधियों में हड़कंप, 810 नाकाबंदी पॉइंट्स पर 47 हजार से ज्यादा वाहनों की जांच

**ज़ दो दिन के मेगा अभियान में 11,504 एमवी एक्ट कार्रवाई, 274 आरोपी गिरफ्तार; अवैध हथियार, शराब और नशे के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई**

स्मार्ट हलचल| जयपुर







महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर राजस्थान पुलिस द्वारा प्रदेशभर में चलाए गए दो दिवसीय सघन नाकाबंदी अभियान ने अपराधियों, ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा दिया। इस विशेष अभियान के दौरान कुल 810 नाकाबंदी पॉइंट्स लगाकर 47 हजार से अधिक वाहनों की जांच की गई, जबकि विभिन्न धाराओं में 274 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कानून एवं व्यवस्था श्री वी के सिंह ने बताया कि शनिवार 16 मई को शाम 7:00 बजे से लेकर रात 10:00 बजे तक भरतपुर, उदयपुर व कोटा रेंजों में तथा रविवार 17 मई प्रातः 3:00 से लेकर 6:00 तक को बीकानेर, जोधपुर व जयपुर रेंजों के सभी प्रमुख मार्गों पर सघन चेकिंग की गई।

अभियान के तहत पुलिस ने दोपहिया और चौपहिया वाहनों की व्यापक जांच करते हुए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार प्रदेशभर में कुल 24,573 दोपहिया और 22,531 चौपहिया वाहनों की जांच की गई।

## 11 हजार से ज्यादा एमवी एक्ट कार्रवाई

नाकाबंदी अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने, फर्जी या बिना नंबर प्लेट और काली फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 11,504 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की।

इनमें 757 शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर, 1667 बिना हेलमेट चालकों पर, 1484 बिना सीट बेल्ट, 191 मोबाइल पर बात करते वाहन चालक, 1438 संदिग्ध या बिना नंबर प्लेट वाले वाहन तथा 1017 काली फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शामिल रही।

## उदयपुर और अजमेर रेंज सबसे आगे

नाकाबंदी अभियान में उदयपुर रेंज सबसे सक्रिय रही, जहां 2647 एमवी एक्ट कार्रवाई की गई, जबकि अजमेर रेंज में 2576 कार्रवाई दर्ज हुई। जयपुर रेंज में 1795, कोटा में 1768, भरतपुर रेंज में 1735, जोधपुर रेंज में 968 और बीकानेर रेंज में 15 कार्रवाई कर नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा कसा गया।

## 274 की गिरफ्तारी

अभियान के दूसरे चरण में पुलिस ने अपराधियों, तस्करों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष कार्रवाई करते हुए कुल 274 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 12 प्रकरण आर्म्स एक्ट, 41 आबकारी अधिनियम के, 10 एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण तथा 62 अन्य विशेष एवं स्थानीय कानूनों के तहत मामले दर्ज किए गए। जिसमे 73 अपराधियों को विभिन्न एफआईआर और प्रकरणों में गिरफ्तार किया गया, जबकि 170 बीएनएसएस के तहत 201 व्यक्तियों को निरोधात्मक कार्रवाई में पकड़ा गया।


## हथियार, शराब और वाहन भी जब्त

अभियान के दौरान कई स्थानों पर अवैध हथियार, शराब और संदिग्ध वाहन भी जब्त किए गए। कोटा रेंज में 5 धारदार हथियार, 120 पव्वे देशी शराब, 2 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। वहीं 27 वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की गई। भरतपुर रेंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 05 लीटर अवैध शराब बरामद की और एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत 61 संदिग्ध वाहनों को सीज किया। एडीजी श्री सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण, सड़क सुरक्षा और संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार के संयुक्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# क्या बरेली में हुए हादसे जैसा इंतजार कर रहा है, भीलवाड़ा जिला प्रशासन??









स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** मौसम विभाग द्वारा राजस्थान के लिए लगातार तेज तुफान, आंधी बारिश जैसा अलर्ट बताया जा रहा है, बावजूद इसके भीलवाड़ा जिला प्रशासन आमजन की सुरक्षा के प्रति गंभीर नजर नहीं आता है। मसलन की दो तीन दिन पूर्व बरेली में अचानक आए तेज तुफान ने एक विशाल होर्डिंग भी पेड़ की पत्ते की तरह उड़कर धराशाई हो गया। सोशल मीडिया पर वायरल विडियो में दिखाया गया की होर्डिंग पर काम कर रहा एक व्यक्ति भी उसी हॉर्डिंग के साथ हवा में उड़ गया और कहीं दुर जाकर गिरा। हांलांकि इस घटनाक्रम में वह व्यक्ति अब भी सकुशल बताया जा रहा है तो उस व्यक्ति ने भी अपने आपको सुकशल पाने को लेकर ईश्वर की कृपा बताई है। उसका कहना है की 'हमें नहीं पता था कि हवा इतनी तेज आएगी। हम रस्सी पकड़े रहे, उसी के साथ ऊपर चले गए' और धड़ाम से जमीं पर गिरे।

उक्त घटनाक्रम के विडियो तेजी से चैनलों सहित सोशल मीडिया पर वायरल हो रहें हैं। बावजूद अभी तक भीलवाड़ा जिला प्रशासन का ध्यान शहर में लगे बड़े बड़े विशालकाय हॉर्डिंग और आमजन की सुरक्षा की और नहीं जा रहा है, जो चिंतनीय है की आखिर ऐसा क्यों ????

# नई राज्यास में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न, 1100 वर्ष पुरानी दिव्य प्रतिमाएं विराजित

## भगवान महावीर स्वामी, भगवान आदिनाथ, पारसनाथ भगवान, नंदीश्वर द्वीप, मुनि सुदृढ़नाथ सहित 9 प्रतिमाओं की हुई प्राण प्रतिष्ठा..

स्मार्ट हलचल

**फुलिया कलां।** नई राज्यास गांव में दो दिवसीय श्री दिगम्बर जैन मंदिर जिनबिंब वेदी प्रतिष्ठा,कलशारोहण एवं ध्वजारोहण महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। महोत्सव के दौरान भगवान महावीर स्वामी, भगवान आदिनाथ,पारसनाथ भगवान,नंदीश्वर द्वीप,मुनि सुदृढ़नाथ सहित 9 धातु एवं पाषाण निर्मित दिव्य प्रतिमाओं की विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई। करीब 1100 वर्षों पुरानी भूगर्भ में विराजित रही प्राचीन प्रतिमाओं के भव्य जिनालय में विराजमान होते ही पूरा क्षेत्र धर्ममय वातावरण से गूंज उठा।महोत्सव आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं प.पू. निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के मार्गदर्शन में प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया 'सुयश' अशोक नगर (मध्यप्रदेश) के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ। प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया सुयश ने विधिवत वैदिक एवं जैन मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमाओं की स्थापना करवाई।आयोजित कार्यक्रमों के तहत मंगलाष्टक,



दिग्बंधन,रक्षामंत्र,शांतिमंत्र, अभिषेक,शांतिधारा,पूजन एवं विश्व शांति महायज्ञ सम्पन्न हुआ। इसके बाद भव्य श्रीजी रथयात्रा निकाली गई,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। तत्पश्चात श्रीजी स्थापना, जिनबिंब स्थापना,शिखरोपरी कलशारोहण,शिखर ध्वजारोहण सहित समग्र धार्मिक क्रियाएं विधि-विधान से सम्पन्न करवाई गईं। कार्यक्रम के बाद विशाल वात्सल्य भोज का आयोजन भी किया गया।कार्यक्रम के लिए गोधा परिवार द्वारा स्कूल ग्राउंड में विशाल एवं भव्य पांडाल तैयार कराया गया था,जहां ध्वजारोहण,घंटा चढ़ाने,कपाट खोलने सहित विभिन्न धार्मिक बोलियां लगाई गईं। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लाखों रुपए की बोलियां लगाईं। कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से हवन सम्पन्न हुआ,जिसमें जैन वैदिक मंत्रों की आहुतियां दी गईं। हवन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में सैकड़ों जैन समाज के महिला-पुरुष श्रद्धाभाव के साथ शामिल हुए।धार्मिक कार्यक्रमों के सम्पन्न होने के बाद भव्य रथयात्रा के साथ श्रीजी को पुनः निज मंदिर के लिए प्रस्थान करवाया गया। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। दिगम्बर जैन



समाज के महिला-पुरुष श्रद्धाभाव के साथ भक्ति गीतों पर नाचते-गाते हुए रथयात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा। करीब तीन घंटे बाद भव्य शोभायात्रा पुनः निज मंदिर पहुंची, जहां विधिवत धार्मिक क्रियाओं के साथ प्रतिमाओं को विराजमान कराया गया।दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के दौरान विश्व शांति महायज्ञ, मंडप प्रतिष्ठा, मंडल प्रतिष्ठा, शांति कलश स्थापना, श्रीयागमण्डल विधान, शिखरोपरी कलशारोहण एवं शिखर ध्वजारोहण सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए।रात्रि में आयोजित महाआरती, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।सकल दिगम्बर जैन समाज नई राज्यास के कमल गोधा ने बताया कि वर्ष 2001 में धनोप क्षेत्र में खुदाई के दौरान भगवान आदिनाथ, पारसनाथ भगवान एवं नंदीश्वर द्वीप सहित प्राचीन जैन प्रतिमाएं प्रकट हुई थीं। समाज ने इन प्रतिमाओं को दिव्य आस्था का प्रतीक मानते हुए वर्षों तक सुरक्षित रखा और बाद में भव्य जिनालय निर्माण का संकल्प लिया।वियतनाम के सफेद पत्थर एवं बंशीपुर पहाड़ के गुलाबी पाषाणों से निर्मित यह जिनालय विशेष नक्काशी और भव्य शृंगार के कारण श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विशाल शिखरों, कलात्मक स्थापत्य एवं दिव्य सज्जा से सुसज्जित मंदिर क्षेत्र की नई धार्मिक पहचान बन गया है। वहीं निज मंदिर का गर्भगृह विशेष कलात्मक नक्काशी, आकर्षक शृंगार और दिव्य स्थापत्य का अद्भुत संगम दिखाई देता है।

भगवान की वेदी को रंग-बिरंगे पुष्पों, स्वर्णिम आभा एवं बारीक कलाकृतियों से सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं को पहली ही नजर में आध्यात्मिक अनुभूति कराती है। मंदिर के भीतर संगमरमर पर उकेरी गई सुंदर नक्काशी, कलात्मक आकृतियां और पारंपरिक जैन स्थापत्य शैली इसकी भव्यता को और अधिक दिव्य बना रही है।श्री दिगम्बर जैन मंदिर राज्यास के संरक्षक रतनलाल गोधा एवं अध्यक्ष भागचन्द गोधा ने बताया कि गोधा परिवार के तीन घरों ने मिलकर श्रद्धा, समर्पण और धर्म भावना के साथ इस भव्य जिनालय का निर्माण कराया तथा प्राण प्रतिष्ठा महामहोत्सव को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाया। उन्होंने बताया कि वर्षों की आस्था और समाजजनों के सहयोग से यह सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह जिनालय आने वाले समय में क्षेत्र में धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# भोली गांव के तालाब में सैकड़ों मछलियों की मौत, फैल रही दुर्गन्ध



स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** थाना क्षेत्र के भोली गांव स्थित तालाब में बड़ी संख्या में मछलियों के मरने का मामला सामने आया है। पिछले तीन दिनों से लगातार तालाब में मछलियां मृत अवस्था में तैरती दिखाई दे रही हैं,जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गन्ध फैल गई है।हालात ऐसे हैं कि तालाब के आसपास रहने वाले ग्रामीणों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है।ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में अचानक बड़ी संख्या में मछलियों की मौत होने से पानी भी दूषित नजर आ रहा है।मृत मछलियां किनारों पर जमा हो रही हैं और तेज बदबू के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।विशेष रूप से सुबह और शाम के समय दुर्गन्ध अधिक फैलने से ग्रामीणों में नाराजगी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही मृत मछलियों को तालाब से नहीं हटाया गया तो संक्रमण और बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ सकता है।ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाब की सफाई करवाने और मछलियों के मरने के कारणों की जांच करवाने की मांग की है।ग्रामीणों के अनुसार गर्मी बढ़ने,तालाब में गंदगी जमा होने अथवा पानी में ऑक्सीजन की कमी के कारण मछलियों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है।हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर राहत दिलाने की मांग की है।

# चारधाम यात्रा के लिए केवल अधिकृत प्लेटफॉर्म का करें उपयोग

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

उत्तराखंड में वर्तमान में चल रही चारधाम यात्रा को लेकर देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंच रहे हैं। यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से उत्तराखंड सरकार द्वारा हेलीकॉप्टर सेवा सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। हालांकि, विगत कुछ वर्षों में चारधाम यात्रा हेतु हेलीकॉप्टर बुकिंग, होटल आरक्षण एवं पर्यटन पैकेजों की ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर साइबर ठगी के कई मामले सामने आए हैं।

पुलिस महानिरीक्षक श्री अंशुमन भोमिया ने बताया कि कई श्रद्धालु अधिकृत बुकिंग प्लेटफॉर्म की जानकारी के अभाव में गूगल जैसे सर्च इंजनों के माध्यम से फर्जी वेबसाइटों एवं लिंक तक पहुंच जाते हैं, जहां साइबर अपराधियों द्वारा उनसे धोखाधड़ी की जाती है। इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा हेलीकॉप्टर बुकिंग हेतु अधिकृत वेबसाइट http://heliyatra.irctc.co.in जारी की गई है।

इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 91-8394833833 भी जारी किया गया है। इस नंबर पर 'यात्रा' संदेश भेजकर श्रद्धालु चारधाम यात्रा के पंजीकरण, यात्रा संबंधी आवश्यक जानकारी एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# आरजीएचएस और समर्पित अवकाश बहाली को लेकर आर-पार की जंग: 20 मई से गूंजेगा महासंघ (एकीकृत) के आंदोलन का बिगुल

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा/जयपुर

राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित और न्यायोचित मांगों पर अपनाए जा रहे उपेक्षापूर्ण रवैये के खिलाफ अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने अब पूरी तरह से आर-पार की जंग का बिगुल फूंक दिया है। इसी सिलसिले में आज राजधानी जयपुर के गवर्नमेंट प्रेस कार्यालय में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और आपातकालीन प्रदेश स्तरीय महाबैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सरकार के कर्मचारी विरोधी रवैये के खिलाफ और कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए व्यापक आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया की इस बैठक में विभिन्न संवर्गों की लंबित मांगों, राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) को बीमा कंपनी को नहीं देकर पूर्व की भांति समस्त अनुमोदित अस्पतालों में ओपीडी एवं आईपीडी तथा दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने, सरेंडर लीव (समर्पित अवकाश) का भुगतान तुरंत जारी करने,



बजट घोषणा के अनुरूप पदोन्नति में अनुभव एवं सेवा अवधि में 2 वर्ष की छूट, संविदाकर्मियों एवं ठेका कर्मचारियों के अविलंब नियमितीकरण सहित लंबित 25 सूत्री मांगपत्र जैसे संवेदनशील वित्तीय लाभों को लेकर एवं चिकित्सा मंत्री द्वारा आरजीएचएस को बीमा कंपनी को देने के बयान पर कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। बैठक में मौजूद समस्त पदाधिकारियों ने एक सुर में सरकार को चेतावनी दी कि कर्मचारियों के सब्र का बांध अब टूट चुका है और अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा।

महासंघ (एकीकृत) ने सरकार के ध्यानाकर्षक हेतु चरणबद्ध और व्यापक आंदोलन की घोषणा करते हुए साफ कर दिया है कि कल, यानी 19 मई को महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री के नाम मुख्य सचिव महोदय को अंतिम चेतावनी ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके तुरंत बाद, 20 मई से राज्य के सभी जिलों में मोर्चा खोलते हुए समस्त जिला अध्यक्षों द्वारा जिला कलेक्टर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों तथा कार्यालय अध्यक्षों के माध्यम से मुख्यमंत्री को चेतावनी ज्ञापन भिजवाए जाएंगे। यदि इसके बावजूद भी सरकार की नींद नहीं खुली, तो आगामी 25 मई से 30 मई तक पूरे राजस्थान के कर्मचारी हर दिन दोपहर 12:30 बजे से 1:30 बजे तक पूर्ण रूप से कार्य का बहिष्कार करेंगे। महासंघ ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि इस ऐतिहासिक कार्य बहिष्कार के बाद भी यदि दमनकारी नीतियां नहीं बदली गईं, तो पूरे प्रदेश में प्रचंड 'कर्मचारी जागृति यात्रा' निकालकर कर्मचारियों को जाग्रत करते हुए बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

इस आक्रोश महाबैठक को प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़, कुलदीप यादव, विनोद सिद्धा, शेर सिंह यादव, देवेंद्र सिंह नरूका, राजेन्द्र शर्मा, अजयवीर सिंह, ओमप्रकाश चौधरी, सुरेश चंद शर्मा, प्रकाश यादव, विजय सिंह, चंद्रभान चौधरी, पवन शर्मा, भंवर सिंह हाडा, शंभू सिंह हाडा, गोपाल सिंह तंवर, खेमराज सिंह सोलंकी, तेज प्रकाश चतुर्वेदी, कान्ति कुमार शर्मा, सर्वेश्वर शर्मा, रणजीत मीणा, सुभाष यादव, शिवकुमार, प्रहलाद राय, नाथू सिंह गुर्जर, बहादुर सिंह, महेश कुमार, गोपाल शर्मा, ज्ञानचंद जांगिड़, प्रताप सिंह खुडी, लक्ष्मी नारायण मीणा, शशि शर्मा सहित प्रदेशभर से आए सभी जिला अध्यक्षों और वरिष्ठ कर्मचारी नेताओं ने संबोधित करते हुए संगठन की एकजुटता का अहसास कराया।

# झुलसाने देने वाली गर्मी में जैसे अब छाता ही सहारा ....

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



वस्त्रनगरी कहे जाने वाला भीलवाडा शहर मानो भट्टी सा सुलग रहा है तो झुलसा देने वाली भीषण गर्मी ने आम जनजीवन भी पुरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। दोपहर को सड़कें सुनी नजर आने लगी है तो चौराहों पर सन्नाटा पसरा हुआ देखने को मिल रहा है। ऐसे में अतिआवश्यक कारण से घर से बाहर निकलने से पहले आमजन अपने आपको तेज धुप से बचाने के जतन पहले कर रहा है। वहीं बरसात में काम आने वाले छाते गर्मी में नजर आ रहे हैं तो जैसे यही अब तेज धुप में सहारा भी बने हुए हैं।

# मॉडल स्कूल जहाजपुर का बोर्ड परिणाम फिर निराशाजनक

## शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

स्मार्ट हलचल



**जहाजपुर।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में कक्षा 12 का परिणाम एक बार फिर चर्चा का विषय बना हुआ है। विद्यालय का वास्तविक परीक्षा परिणाम अपेक्षा से काफी कम रहने पर स्थानीय स्तर पर शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों की कार्यशैली को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

स्कूल के सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय का परिणाम करीब 50 प्रतिशत बताया जा रहा है, जबकि आधिकारिक रूप से इससे अधिक प्रतिशत दर्शाए जाने की चर्चा है। पिछले कुछ वर्षों में भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम विभागीय मानकों के अनुरूप नहीं रहा, जिससे अभिभावकों और विद्यार्थियों में चिंता बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों की तुलना में आंतरिक राजनीति अधिक हावी रही, जिसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ा। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि शिक्षण कार्य में लापरवाही और अनुशासन संबंधी शिकायतें समय-समय पर उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई गईं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी।

विद्यालय प्रशासन में बदलाव के बावजूद परीक्षा परिणाम में अपेक्षित सुधार नहीं होने से अब शिक्षा व्यवस्था और जवाबदेही को लेकर बहस तेज हो गई है। लोगों का मानना है कि विद्यार्थियों के भविष्य को प्राथमिकता देते हुए विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष समीक्षा कर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित न हो।

# लाडपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमआर टीकाकरण अभियान शुरु

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को खसरा और रूबेला की रोकथाम के लिए एमआर टीकाकरण अभियान का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया। इस विशेष अभियान के तहत पहले दिन क्षेत्र के 5 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की आयु के बच्चों को प्रतिरक्षी टीके लगाए गए।

शिविर के दौरान चिकित्सा विभाग की टीम ने मुस्तैदी से कार्य करते हुए कुल 45 बच्चों का सुरक्षित टीकाकरण किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चौधरी, एएनएम लाजवंती कोली, आशा सहयोगिनी लीला वैष्णव और दुर्गा वैष्णव सहित स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। डॉ. चौधरी ने ग्रामीणों से अपने बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए समय पर टीकाकरण करवाने की अपील की है।

# लादूलाल खटीक बने ग्रामीण कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)।** शाहपुरा-राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर एवं शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर की अनुशंसा पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष विकास मेहला ने शाहपुरा निवासी लादूलाल खटीक को भीलवाड़ा ग्रामीण कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।




लादूलाल खटीक लंबे समय से समाजसेवा एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों को नई गति मिलेगी।

जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा एवं कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष विकास मेहला ने लादूलाल खटीक को नियुक्ति पत्र सौंपा।

नियुक्ति के बाद लादूलाल खटीक ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण रामलाल जाट, शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर एवं कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष विकास मेहला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से करेंगे। इस दौरान शाहपुरा कांग्रेस नगर अध्यक्ष रमेश सेन, कांग्रेस नेता सुनील मिश्रा, ओम सिंधी एवं भेरूलाल खटीक सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही, झाड़ियों से घिरी डीपी में लगी आग

स्मार्ट हलचल



उलेला गांव में बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। गांव में स्थित विद्युत डीपी (डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर) में सोमवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते ट्रांसफॉर्मर से ऊंची लपटें उठने लगीं और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की अनदेखी और समय पर रखरखाव नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ।

ग्रामीणों के अनुसार, बिजली विभाग आए दिन 'मेंटेनेंस' के नाम पर घंटों बिजली कटौती करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य नहीं किया जाता। जिस डीपी में आग लगी, उसके चारों ओर लंबे समय से सूखी झाड़ियां और पेड़-पौधे उगे हुए थे। कई बार विभाग को इसकी सूचना देने के बावजूद सफाई नहीं कराई गई। गर्मी और अधिक लोड के कारण ट्रांसफॉर्मर में स्पार्किंग हुई और झाड़ियों ने आग को तेजी से फैलने में मदद की।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि कुछ देर तक ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह धधकता रहा। समय रहते ग्रामीणों ने सतर्कता दिखाई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यदि आग आसपास के पेड़ों या घरों तक पहुंच जाती, तो भारी नुकसान हो सकता था।

गांव के लोगों में बिजली विभाग के प्रति गहरा रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग केवल कागजी मेंटेनेंस कर रहा है, जबकि जर्जर उपकरण, ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर और असुरक्षित विद्युत ढांचे की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। लोगों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और गांव की विद्युत व्यवस्था का तत्काल निरीक्षण कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। फिलहाल इस घटना ने विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मांडलगढ़: 5 से 10 वर्ष के बच्चों के लिए एमआर विशेष टीकाकरण अभियान शुरू, 23 मई तक चलेगा

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा के निर्देश और ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बीसीएमओ) डॉ. गोपाल यादव के निर्देशन में सोमवार को मांडलगढ़ ब्लॉक में मीजल्स-रूबेला (एमआर) विशेष टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ हुआ। यह अभियान 18 मई से 23 मई तक चलाया जाएगा, जिसके तहत 5 से 10 वर्ष तक की आयु के बच्चों को खसरा और रूबेला जैसी गंभीर व जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए एमआर वैक्सीन लगाई जा रही है।

सोमवार को अभियान के तहत ब्लॉक के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा विभाग की टीमों ने बच्चों का टीकाकरण किया। इस दौरान आमजन को खसरा-रूबेला के प्रति जागरूक



भी किया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने घर-घर जाकर टीकाकरण के लिए पात्र बच्चों की पहचान की और अभिभावकों को बच्चों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। इस पूरे कार्य में चिकित्सा अधिकारियों, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय और महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

### जिला व ब्लॉक स्तर से हुई मॉनिटरिंग

टीकाकरण अभियान की प्रगति जांचने के लिए जिला स्तर से डब्लूएचओ की एसएनओ डॉ. स्वाति मित्तल और सुपरवाइजर मनीष यादव ने विभिन्न टीकाकरण सत्रों का औचक निरीक्षण किया। इसके साथ ही, ब्लॉक स्तर के अधिकारियों द्वारा भी अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और मौके पर काम कर रही टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

### बीसीएमओ ने की अपील

बीसीएमओ डॉ. गोपाल यादव ने क्षेत्र के आमजन और अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि नौनिहालों को खसरा और रूबेला जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए समय पर टीकाकरण सबसे कारगर और जरूरी उपाय है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे जागरूकता दिखाते हुए अपने 5 से 10 वर्ष तक के बच्चों को अभियान के दौरान एमआर का टीका अनिवार्य रूप से लगवाएं।

# गाजी बाबा की दरगाह पर चढ़ाया गया अलम, 4 से 6 जून तक उर्स



स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** हजरत गायेबना गाजी दरगाह में ईद-उल-जुहा का चांद दिखाई देने के साथ ही परंपरागत रूप से अलम (झंडा) चढ़ाने की रस्म अदा की गई। दरगाह को क्षेत्र में आस्था और हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रमुख केंद्र के रूप में माना जाता है, जहां सभी धर्मों के अकीदतमंद अपनी श्रद्धा व्यक्त करने पहुंचते हैं।

अंजुमन गाजी विकास सोसायटी के मोहम्मद रईस टांक ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दरगाह के मुख्य हिस्से पर अलम चढ़ाकर उर्स कार्यक्रम की शुरुआत की गई। दरगाह में 4, 5 और 6 जून को उर्स का आयोजन होगा। इस दौरान मिलाद, कव्वाली और विशेष दुआओं का आयोजन किया जाएगा।

उर्स के अवसर पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद दरगाह पहुंचकर चादर और झंडा पेश करते है। मान्यता है कि यहां सच्चे दिल से मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं, इसलिए लोग अपनी मुराद पूरी होने पर चादर चढ़ाने के साथ नई मन्नतें भी मांगते हैं।

# गाड़िया गाड़िया रे होटला पे नाम लिख्यो सांवरिया रो...

## शंभूपुरा में ऐतिहासिक भव्य भजन संध्या में उमड़ा हजारो श्रदालुओ का सैलाब, गोकुल के भजनों पर देर रात तक झूमे श्रद्धालु

स्मार्ट हलचल|ओम जैन

**शंभूपुरा।** कार्यक्रम तो कही हुए होंगे, कई देखे होंगे, लेकिन शंभूपुरा में रविवार रात में जो दृश्य था वो सभी को चोंका देने वाला था। अवसर था शंभूपुरा में बालाजी मंदिर पर तृतीत पाटोत्सव का जहाँ भव्यतम समारोह के साथ दो दिवसीय धार्मिक आयोजन एवं भव्य भजन संध्या का ओर उस समारोह में चार चांद लगा दिए भजन सम्राट गोकुल शर्मा ने।

### 16 को अभिषेक एवं सुंदरकांड

मण्डल के पंकज जैन और अरविंद जैन ने बताया कि दो दिवसीय इस भव्य आयोजन में 16 मई को प्रातः मन्दिर में अभिषेक किये गए एवं शाम को जय सिया राम मित्र मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया।

### हर्षोल्लास के साथ चढ़ाई मन्दिर ओर ध्वजा

कमेटी के मनोज गदिया कमलेश यादव ने बताया कि 17 मई रविवार को सुबह हवन हुआ जिसके बाद मन्दिर कमेटी एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा मन्दिर पर ध्वजा चढ़ाई गई।



### गोकुल के भजनों ने बांधा समा, देर रात तक झूमे भक्त

शंभूपुरा में धार्मिक आयोजन तो पूर्व में भी कई हुए लेकिन यह आयोजन इसलिए भी ऐतिहासिक और खास बन गया क्योकि गोभक्त सुर सम्राट गोकुल शर्मा आये थे जिनको सुनने पहली बार ना सिर्फ स्थानीय बल्कि आसपास के कई गांवों से हजारो की संख्या में श्रदालुओ का सैलाब उमड़ पड़ा, जो कि इतना बड़ा पांडाल होने के बाद भी लोग बाहर रोड तक खड़े रहे, यह देख स्वयं गोकुल शर्मा ने कहा छोटे से गांव में आया इतना सम्मान मिला कि उम्मीद से कई अधिक लोग सुनने पधारे सभी का आभार।

### अतिथि सत्कार

लोकेश टांक व दिनेश टेलर ने बताया कि मेवाड़ की परंपरा रही है कि हम अतिथियों के सत्कार में सबसे आगे रहे है इसी कड़ी में बजरंग कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल न्याति, कार्यक्रम संयोजक राम प्रसाद जाट एवं कमेटी के पदाधिकारियों ने गोकुल को साफा एव उपरणा पहनाकर भव्य स्वागत किया।



### गोकुल के भजनों पर स्वयं को नही रोक पाए भक्तजन

कमेटी के चंद्रप्रकाश कुमावत एव कैलाश साहू ने बताया कि गोकुल शर्मा ने जोगणिया माता के भजन से भजन संध्या की शुरुआत कि जिसके बाद उन्होंने गुमादे मारा बालाजी गमड गमड गोटो, सब थारो सांवरा सेठ मारो कई कोणी,सेठा सेठा में मारो सेठ सांवरियो रे, मारा सांवरिया जी सेठ कटे हो गया लेट क्यो नी आयो रे,सांवरा थारी कृपा रेवा दे दुनिया जले तो जलवा दे, राम बनया वकील, गाड़िया गाड़िया रे होटला पे नाम लिख्यो सांवरिया रो, मेरी गाड़ी मेरा बंगला मेरा पैसा सब कुछ तेरा सांवरिया सेठ मेरा तो कुछ भी नही सहित कई प्रसिद्ध भजन गाये जिस पर देर रात करीब 2 बजे तक चली भजन संध्या में भी हजारो श्रदालु डटे रहे और भजनों ओर झूमते रहे।

### अंत मे महाआरती हुई एव प्रसाद वितरण किया गया।

मन्दिर कमेटी के कृष्ण गोपाल न्याति, घीसू लाल सुथार, मोहन गिरी गोस्वामी, ओम प्रकाश कुमावत, बालमुकुंद गदिया, कैलाश शर्मा हरि ओम, प्रेमशंकर साहू, रामनारायण आमेटा चंद्रप्रकाश कुमावत, दिनेश शर्मा, कैलाश साहू, मनोज गदिया, मुकेश कुमावत, पंकज जैन, अरविंद जैन, लोकेश टांक, कमलेश यादव, दिनेश टेलर, नरेश तनेजा, दीपक शर्मा, नारायण आमेटा, मुकेश मुंदड़ा, अनिल आमेटा, प्रकाश जैन, पीयूष शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ताओ ने सुर सम्राट गोकुल शर्मा, कार्यक्रम संयोजक रामप्रसाद जाट ओर सहयोगी रहे करण सिंह जाट स्वागत किया एवं कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था सम्भाले रखी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति लापता, जताई अनहोनी की आशंका

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीलवाड़ा शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। प्रार्थी सरस्वती सांसी निवासी चपरासी कॉलोनी, भीलवाड़ा ने पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को प्रार्थना पत्र देकर अपने पति रवि सांसी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार रवि सांसी दिनांक 14 मई 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे अपने लोडिंग टेम्पो क्रमांक 'छ्व-17-इ-9767 के साथ रोजाना की तरह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे। उन्होंने परिवार को बताया था कि वे बनास डेयरी क्षेत्र की ओर जा रहे हैं तथा शाम तक वापस लौट आएंगे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। इसके बाद उनका मोबाइल फोन भी बंद आने लगा। परिजनों



द्वारा रिश्तेदारों एवं परिचितों के यहां काफी तलाश करने के बावजूद रवि सांसी का कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिवार ने किसी अप्रिय घटना अथवा अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। प्रार्थिया ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले में शीघ्र गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए रवि सांसी एवं उनके लोडिंग टेम्पो की जल्द से जल्द तलाश की जाए। परिवारजन इस घटना से अत्यंत चिंतित एवं परेशान हैं तथा उन्होंने आमजन से भी सहयोग की अपील की है।

# पीएफ कार्यालय के कर्मचारियों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा


## मोबाइल टावर में लगी भीषण आग

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

चित्रकूट नगर स्थित भविष्य निधि (पीएफ) कार्यालय के बाहर लगे एक बड़े मोबाइल टावर में शनिवार दोपहर अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। दोपहर करीब 1 बजे टावर से तेज लपटें और धुआं उठता देख कार्यालय कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए संभावित बड़े हादसे को टाल दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही कार्यालय के केयर टेकर कुलदीप सिंह राठौड़ एवं चन्द्र प्रकाश ने तुरंत अग्निशमन दल को सूचना दी। आग तेजी से फैलती देख दोनों कर्मचारियों ने घबराने के बजाय कार्यालय में उपलब्ध फायर फाइटिंग सिस्टम का उपयोग करते हुए आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। उनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते आग को बढ़ने से रोका जा सका। इस बीच अग्निशमन दल भी मौके पर पहुंचा तथा आग पर पूर्णतया काबू पाया।

पीएफ क्षेत्रीय आयुक्त-प्रथम प्रशान्त कुमार सिन्हा ने दोनों कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की जाती तो टावर के गिरने या आग के आसपास फैलने से बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने कार्यालय के संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर भारी नुकसान होने से बचाया।



# सावा में सावा गोल्ड कप ऑल इंडिया ओपन फुटबॉल चैंपियनशिप 2026

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** जिले के सावा कस्बे में दिनांक 19 मई से 25 मई तक 'सावा गोल्ड कप ऑल इंडिया ओपन फुटबॉल चैंपियनशिप 2026' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के सभी मैच प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक आयोजित होंगे।

क्लब सेक्रेटरी नरेंद्र कुमार टेलर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर की विभिन्न प्रतिभाशाली फुटबॉल टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह दिनांक 19 मई को सायं 6 बजे आयोजित होगा, जिसमें अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। साथ ही उद्घाटन अवसर पर विशेष फुटबॉल मैच का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने, युवाओं में खेल भावना एवं भाईचारे को बढ़ावा देने तथा खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

# हज के मुबारक सफर पर रवानगी से पहले उर्स कमेटी नीमच का इस्तक़बाल

## 21 किलो की माला, दस्तारबंदी, गुलपोशी व मिठाई के साथ दी गई दिली मुबारकबाद

स्मार्ट हलचल|नीमच

मुस्लिम धर्मावलंबियों के सबसे मुकद्दस और रूहानी सफर हज पर रवाना होने जा रहे मौहम्मद रफीक उर्फ मुन्ना भाई दुर्रानी का सोमवार को खैरमकदम करते हुए दिली मुबारकबाद पेश की गई।

इस मुबारक मौके पर हज़रत रोशन अली बावा साहब उर्स कमेटी के अध्यक्ष सादिक हुसैन,उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन खान,सेक्रेट्री मतलूब अजमेरी,खजांची अयाज अहमद खान,उर्स संयोजक मोहम्मद फारूक छिपा,अब्दुल हमीद उर्फ भूरू मेव,यूसुफ मंसूरी,फिरोज मंसूरी,तनवीर अली,ने हज पर जा रहे हाजी मुन्ना दुर्रानी का 21 किलो की माला पहनाकर,गुलपोशी कर,सांफा बांध,मिठाई खिलाकर और दुआओं के साथ गर्मजोशी से इस्तक़बाल किया,पूरे माहौल में रूहानियत, मोहब्बत और खुशियों की एक खास फिज़ा देखने को मिली।



इस अवसर पर मोहम्मद फारूक छिपा ने कहा कि हज इस्लाम का एक अहम रुक्न है,जो हर साहिब-ए-इस्तिताअत मुसलमान पर फर्ज़ किया गया है। यह सफर सब्र,इबादत,तौबा और खुदा की रज़ा हासिल करने का सबसे पाक और मुकद्दस जरिया माना जाता है। उन्होंने कहा कि हज पर जाना हर मोमिन के लिए एक बड़ी नेमत और खुशकिस्मती की बात होती है। हज यात्रा पर रवाना हो रहे मौहम्मद रफीक उर्फ मुन्ना दुर्रानी के लिए दुआ की गई कि अल्लाह तआला उनका सफर आसान फरमाए,उनकी इबादतों को कबूल करे और उन्हें सकुशल अपने वतन लौटाए।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए दरख्वास्त की कि वे हरम शरीफ में मुल्क और कौम की तरक्की,अमन-ओ-अमान और खुशहाली के लिए खास दुआ करें। कार्यक्रम के दौरान परिजनों, रिश्तेदारों एवं मोहल्लेवासियों की उपस्थिति में एक आत्मीय और भावुक वातावरण बना रहा,जहां हर कोई इस पाक सफर के लिए अपनी शुभकामनाएं और दुआएं पेश करता नजर आया। यह आयोजन आपसी भाईचारे, मोहब्बत और दीन के प्रति आस्था का खूबसूरत पैगाम देता नजर आया।

# घटिया नाला निर्माण और पेयजल संकट पर फूटा लोगों का गुस्सा



स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** नगर निगम द्वारा वार्ड संख्या 24, 25 और 27 में करवाए गए नाला निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और क्षेत्र में गहराते पेयजल संकट को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी (कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ) ने आक्रोश जताया है। प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट कन्हैया लाल रेगर के नेतृत्व में सोमवार को जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त करने की मांग की गई है।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा इन वार्डों में बरसाती पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण करवाया गया था। आरोप है कि निर्माण कार्य में अत्यधिक घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और नाले की गहराई भी तय मानकों से कम रखी गई। इसके चलते नाले की दीवारें क्षतिग्रस्त होकर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच चुकी हैं।

ज्ञापन में शिकायत की गई है कि नियमित सफाई न होने के कारण पूरे नाले में पेड़-पौधे उग आए हैं, जिससे पानी का बहाव पूरी तरह बंद हो चुका है। मोहल्ले की छोटी नालियों की सफाई भी ठप पड़ी है, जिन्हें कचरे से बंद कर दिया गया है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि नालियों का गंदा पानी और कीड़े अब लोगों के घरों के भीतर आने लगे हैं, जिससे स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है।

सफाई के अभाव में क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे गंभीर बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। इसके साथ ही, नाले के निर्माण में खामियों के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और रोड क्रॉसिंग नाले टूट चुके हैं। इन खुले और टूटे नालों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय छोटे बच्चों, मिनी बसों और ऑटो रिक्शा के लिए यह मार्ग अत्यंत खतरनाक बन चुका है, और कई वाहन चालक यहां पलटकर चोटिल हो चुके हैं।

# बॉक्सिंग के गुर सीखने के साथ बच्चों ने लिए सड़क सुरक्षा के संकल्प, 'क्विज कॉन्टेस्ट' में दिखाया हुनर



स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब, भीलवाड़ा द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागृति लाने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की गई। शहर के संगीत कला केन्द्र प्रांगण में आर.वी. बॉक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ियों के साथ 'स्वर्गीय श्री मृणाल राठी स्मृति - सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा क्विज कॉन्टेस्ट' का आयोजन किया गया।

सड़क सुरक्षा के सीखे 'गुरु मंत्र'

कार्यक्रम संयोजक डॉ. भागचंद सोमानी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना था। आर.वी. बॉक्सिंग एकेडमी के प्रशिक्षक राजेश कोली और सह-प्रशिक्षक क्षितिज कोली के निर्देशन में बॉक्सिंग सीख रहे बच्चों को खेल के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों को शपथ दिलाई कि वे वाहन चलाते समय हमेशा सतर्क रहेंगे और कभी भी तेज गति का सहारा नहीं लेंगे, क्योंकि आंकड़ों के अनुसार लगभग 80 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं तेज गति के कारण ही होती हैं।

क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और पूछे गए सवालों के सटीक जवाब दिए। विजेता खिलाड़ियों को 'सड़क सुरक्षा ज्ञान दीप सम्मान - प्रशंसा पत्र' देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले प्रतिभागियों में तन्मय पारीक, युवराज सिंह चौहान, विराट पारीक, कृतिका जायसवाल, नव्या सालवी, चेतन माली, भावना गांछा, थ्वया सैनी, पार्थ वसीटा, समर प्रताप खटीक, कनिका वर्मा, साक्षी कोली एवं रणजीत माली शामिल रहे।

संगीत कला केन्द्र के सचिव महेश जोशी की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में क्लब के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अशोक सोडाणी, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सोनी और पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश जागेटिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी जगदीश मूंदड़ा और रामचंद्र मूंदड़ा ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में क्लब की ओर से संगीत कला केन्द्र के सचिव महेश जोशी और प्रशिक्षक राजेश कोली को सम्मानित किया गया।

# कौस्तुभ अमन सुवालका और बालिका वर्ग में अनविका दीपक जैन बने 'लिटिल चैम्प चैस चैम्पियनशिप' के चैम्पियन

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

चित्तौड़गढ़ जिला शतरंज संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंदन जैन एवं उपाध्यक्ष पीयूष काबरा ने बताया कि चित्तौड़ चेतक स्पोर्ट्स क्लब, सुपर थर्टी स्पोर्ट्स क्लब एवं माहेश्वरी यूथ चैस क्लब के संयुक्त तत्वावधान तथा चित्तौड़ चैसकिंग अकादमी के सहयोग से जिला स्तरीय सलेक्शन 'लिटिल चैम्प चैस चैम्पियनशिप' अंडर-9 ओपन एवं बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता रविवार को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक स्थानीय चित्तौड़ चैसकिंग अकादमी, अम्बेश्वरी नगरपालिका कॉलोनी, पुराने आरटीओ ऑफिस के पीछे आयोजित हुई।

प्रतियोगिता स्विस सिस्टम एवं फिडे नियमों के तहत कुल 5 राउंड में खेली गई, जिसमें 13 नन्हे शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज अध्यक्ष गोविंद गदिया, श्री महेश शिक्षा निकेतन संस्थान गांधीनगर के अध्यक्ष कैलाश तोषनीवाल,



मार्बल उद्योगपति सुमंत सुवालका, पूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सुधा जागेटिया, दीपक जैन एवं राजस्थान शतरंज संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निलेश बल्दवा उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत गीतिका सोनी, शिवानी माहेश्वरी, सुनील कुमार चौखड़ा, डॉ. अनुष्का जागेटिया, अंकिता जैन, प्रियंका ईनाणी एवं दिव्यांग सुहालका ने उपरना ओढ़ाकर किया।

जिला शतरंज संघ अध्यक्ष कैलाश भूतड़ा एवं सीनियर नेशनल आर्बिटर व सचिव निलेश बल्दवा ने बताया कि अंडर-9 बालिका वर्ग में अनविका दीपक जैन ने 5 में से 3 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अलंकृति मयूर सिंह राणावत द्वितीय एवं चार्वी अनिल कुमार जैन तृतीय स्थान पर रहीं। ओपन वर्ग में कौस्तुभ अमन सुवालका ने 5 में से 4 अंक लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। अरुष राहुल माहेश्वरी द्वितीय, अर्थ अंकित सोनी तृतीय, कियानराज विकास जागेटिया चौथे, तक्षराज राजू सिंह पांचवें, अयान सौरभ ईनाणी छठे, सम्यक सोनू ढेलावत सातवें, शुभ सोनी कुमार दुहान आठवें, हरित सुनील कुमार चौखड़ा नवें तथा शौर्य देव दुष्यंत सिंह चुंडावत दसवें स्थान पर रहे। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

# वरड़ा स्कूल में 'अनुगुच्छतु प्रवाह' शिविर का भव्य आगाज

## गूंजा राष्ट्रसेवा का संदेश, 'लोकल फॉर वोकल' और स्वदेशी अपनाने के लिए विद्यार्थियों को किया प्रेरित

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

शहर के समीपस्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वरड़ा में 'अनुगुच्छतु प्रवाह' शीर्षक से आयोजित समाज सेवा शिविर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा, जागरूकता एवं राष्ट्रसेवा का संदेश लेकर आया। विद्यालय परिसर में इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारी, स्वदेशी अपनाने तथा जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरड़ा के प्रशासक दूल्हे सिंह देवड़ा, उप प्रशासक निर्भय सिंह देवड़ा ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए राष्ट्रहित से



जुड़ी महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री संदीप आमेटा, सृजनधर्मी शिक्षक हेमंत जोशी एवं श्रीमती अपूर्वा ने विद्यार्थियों के कॅरियर व व्यक्तित्व निर्माण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर व मोटिवेशनल स्पीकर संदीप राठौड़ ने विद्यार्थियों को 'लोकल फॉर वोकल' और स्वदेशी वस्तुओं के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को अपनाकर न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी अहम योगदान होता है। राठौड़ ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी विभिन्न जनहित एडवाइजरी को सरल एवं रोचक अंदाज में विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव कर हर नागरिक देशहित में बड़ा योगदान दे सकता है। कारपूलिंग अपनाना, ईंधन की बचत करना, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, आवश्यकता अनुसार वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देना, अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचना तथा स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाई और अतिथियों के अनुभवों एवं विचारों से प्रेरणा प्राप्त की। शिविर संयोजक हेमंत जोशी ने बताया कि शिविर विद्यार्थियों के लिए केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदार नागरिकता की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ। आगामी दिनों में भी विशिष्ट व्यक्तियों की वार्ताओं का आयोजन किया जाएगा।

# चैक अनादरण मामले में महिला को 4 माह का कारावास, जुर्माना

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

न्यायालय विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एन.आई. एक्ट प्रकरण की पीठासीन अधिकारी रीतिका श्रोती ने चैक अनादरण के एक महत्वपूर्ण मामले में अभियुक्ता मुन्नीदेवी पत्नी गोपाललाल सेन निवासी करणी माता का खेड़ा, तहसील एवं जिला चित्तौड़गढ़ को दोषसिद्ध कर सजा सुनाई है।

परिवादी कमलेश रजक पुत्र नारायणलाल रजक निवासी हाउसिंग बोर्ड, कुम्भानगर चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने अभियुक्ता को 4 माह के कारावास एवं 90 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। जुर्माने की राशि जमा नहीं कराने की स्थिति में अतिरिक्त एक माह के कारावास का प्रावधान भी रखा गया है।

प्रकरण के अनुसार अभियुक्ता मुन्नीदेवी ने परिवादी कमलेश रजक से 90 हजार रुपये उधार लिए थे। उधार राशि लौटाने के लिए अभियुक्ता ने ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स शाखा चित्तौड़गढ़ का चैक दिया, लेकिन बैंक में प्रस्तुत करने पर चैक अनादृत हो गया। इसके बाद परिवादी ने अपने अधिवक्ता फजले मोईन खान एवं अरविन्द व्यास के माध्यम से न्यायालय में परिवाद पेश किया। मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों एवं तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने अभियुक्ता को दोषी मानते हुए उक्त सजा सुनाई।

# हार्डकोर अपराधियों पर प्रशासन का बड़ा प्रहार, सरकारी जमीन पर कब्जा पड़ा भारी, बदमाशों के निर्माण जमींदोज, करोड़ों की सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

## भारी पुलिस जाब्ते के बीच कार्रवाई से मचा हड़कंप

स्मार्ट हलचल|सुनेल

जिले में अपराध और अवैध कब्जों के खिलाफ सोमवार को पुलिस-प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हार्डकोर अपराधियों और हिस्ट्रीशीटर बदमाशों द्वारा सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमणों पर बेक टू बेक बुलडोजर चला कर मिट्टी में मिला दिया। सुनेल में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में करोड़ों रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बदमाशों को सरकारी जमीन पर कब्जा करना भारी पड़ गया,प्रशासन की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में दिनभर चर्चाओं का माहौल बना रहा और अपराधियों में हड़कंप मच गया।






### सरकारी भूमि पर किए गए थे अवैध निर्माण

पुलिस के अनुसार सुनेल थाना क्षेत्र के कुख्यात अपराधी भेरू उर्फ भैरूलाल गुर्जर और उसके भाई बल्लू उर्फ रामलाल ने सुनेल-झालरापाटन मार्ग पर पीडब्ल्यूडी की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान और अन्य निर्माण कर रखे थे। वहीं हिस्ट्रीशीटर अर्जुन गुर्जर ने भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर चार दुकानें बना ली थीं। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर की सहायता से सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।

### संगठित अपराध के खिलाफ विशेष अभियान

जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि जिले में संगठित अपराध, गैंगवार और आदतन अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अपराध से अर्जित संपत्तियों तथा सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को चिन्हित कर राजस्व, नगर पालिका और अन्य विभागों के सहयोग से कार्रवाई की जा रही है।

### भारी पुलिस जाब्ते के बीच चली कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। बुलडोजर कार्रवाई देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए।

### गंभीर आपराधिक मामलों में दर्ज हैं प्रकरण

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार भेरू उर्फ भैरूलाल गुर्जर के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला, अवैध हथियार और फायरिंग जैसे कुल 18 मामले दर्ज हैं। वहीं बल्लू उर्फ रामलाल के खिलाफ हत्या सहित तीन मामले दर्ज बताए गए हैं। हिस्ट्रीशीटर अर्जुन गुर्जर पर भी जानलेवा हमलों समेत छह प्रकरण दर्ज हैं।

### आगे भी जारी रहेगा अभियान

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले तथा अपराध के जरिए संपत्ति अर्जित करने वाले बदमाशों पर भविष्य में भी इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 'सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा' का शाहपुरा में 19 मई को होगा स्वागत

स्मार्ट हलचल

**जयपुर से शुभारंभ हुई यह गौरव यात्रा 19 मई 2026 मंगलवार को सांय शाहपुरा पहुंचेगी**

**शाहपुरा।** पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा द्वारा भारतीय सिंधु सभा एवं भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास के तत्वावधान में आयोजित 'सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा' के शाहपुरा आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जयपुर से शुभारंभ हुई यह गौरव यात्रा 19 मई 2026 मंगलवार को सांय शाहपुरा पहुंचेगी, जहां समाजजन द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा के अध्यक्ष लीलाराम वासवानी, महासचिव नरेश लखपतानी, कोषाध्यक्ष अशोक थानवानी एवं सिंधु सभा अध्यक्ष चेतन चंचलानी ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य सिंधी संस्कृति, मातृभाषा, परंपराओं एवं समाज के महापुरुषों की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। इस दौरान सरकारी योजनाओं व जनगणना अभियान की भी जानकारी दी जायेगी।

कार्यक्रम के अनुसार सांय 6.30 बजे शाहपुरा सीमा पर यात्रा का पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण के साथ स्वागत किया जाएगा। इस दौरान युवाओं द्वारा बाइक रैली भी निकाली जाएगी। इसके पश्चात मुख्य कार्यक्रम संत कंवर राम धर्मशाला, पिवणिया तालाब की पाल, शाहपुरा में आयोजित होगा।

कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, सिंधी वंदना एवं राष्ट्रगान, अतिथियों का स्वागत, सिंधु संस्कृति गौरव यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश, समाज के वरिष्ठजनों के उद्बोधन एवं बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ किया जाएगा।

पूज्य सिंधी पंचायत ने महिला मंडल, नवयुवक मंडल एवं समस्त समाजजनों से पारंपरिक सिंधी वेशभूषा में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील की है। पंचायत पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की एकजुटता और संस्कृति के संरक्षण के लिए यह आयोजन महत्वपूर्ण अवसर है तथा सभी समाजबंधुओं की सहभागिता से कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जाएगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित होकर किया विरोध प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल| बूंदी

अखिल राजस्थान महिला, बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ (एकीकृत) के बैनर तले आज जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन की संभाग अध्यक्ष सुमन जैन के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को विभिन्न ज्वलंत समस्याओं और मांगों को लेकर अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए। साथ ही राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री के नाम भी एक मांग पत्र प्रेषित किया गया।



कलेक्टर को सौंपे गए पहले ज्ञापन में संघ ने मांग की है कि वर्तमान में पड़ रही अत्यधिक और भीषण गर्मी (लू) को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले 3 से 6 वर्ष के नौनिहालों की सुरक्षा बेहद जरूरी है। छोटे बच्चों को लू और बीमारी से बचाने के लिए आगामी 30 जून तक आंगनबाड़ी केंद्रों में अनिवार्य रूप से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जाए। कार्यकर्ताओं ने महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उड़ान योजना का कार्य करने से साफ इंकार कर दिया है। मांग न मानने पर आंदोलन का रास्ता अपनाने की चेतावनी दी गई है। एक अन्य महत्वपूर्ण ज्ञापन में जिले के विभिन्न ब्लॉकों में लंबे समय से अटके मानदेय और राशि के भुगतान का मुद्दा उठाया गया। इस दौरान प्रवीणा कँवर, संतोष देवी, सोनु शर्मा, राजेश कुमारी, सुशीला शर्मा, सावित्री मीणा, हेमलता शर्मा, अर्चना कुमावत, दिनेश बाई, सुमन जांगिड़, नन्दा बाई, विमला मीणा, द्वारिका बाई, प्रभा रानी शर्मा आदि मौजूद रही।

# कोटा में 60 लाख की अवैध शराब ट्रक से बरामद

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेष जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत एक्शन मोड में अवैध शराब की तस्करी पर कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत कोटा में नाकाबंदी कर एक ट्रक की तलाशी लेने पर 60 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद की गई। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व हनुमानगढ़, उदयपुर एवं जोधपुर में भी ट्रकों से अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप जब्त की गई है। आबकारी विभाग की कार्रवाई से प्रदेश में अन्य राज्य की शराब तस्करी पर रोक लगाने एवं राजस्व क्षति को रोकने में सहायता मिलेगी।




अतिरिक्त आयुक्त कोटा जोन नरेश कुमार मालव ने बताया कि आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में अवैध शराब के विरूद्ध गश्त, नाकाबंदी एवं दबिश की कार्रवाई जारी है। इसी के तहत मुखबिर की सूचना पर कोटा में रविवार रात्रि नेशनल हाईवे 52 नया टोल प्लाजा गोपालपुरा के समीप नाकाबंदी के तहत ट्रक को रोककर तलाशी लेने पर टाट की बोरियों के नीचे कार्टन में छुपाकर रखी गई फोर सेल इन चंडीगढ़ शराब की बड़ी खेप बरामद की गई। मौके पर ब्रांड राजस्थानी व्हीस्की के 1360 कार्टन में 65 हजार 280 पव्वे बरामद हुए। उक्त शराब की अनुमानित कीमत 60 लाख रूपए आंकी गई है। उक्त कार्रवाई में जिला आबकारी अधिकारी बारां देवेन्द्र गिरी, जिला आबकारी अधिकारी कोटा विवेक शर्मा, सहायक आबकारी अधिकारी, नारायण सिंह तोमर के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के दौरान आबकारी निरीक्षक चेतन, प्रदीप मीणा, पीओ प्रमोद सिंह, हंसराज मीणा, पृथ्वीराज सिंह मीणा मय जाप्ता शामिल रहे।

### जीरो टॉलरेंस की नीति

आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने प्रदेश में अवैध शराब की तस्करी पर रोक के लिए समस्त अधिकारियों को जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने बीते दिनों विशेष निरोधात्मक अभियान की समीक्षा वीसी में कहा कि जिन जिलों में अवैध मदिरा पर प्रभावी कार्रवाई नही हुई है वहां अभियान को जारी रखा जाएगा। प्रदेश में अन्य राज्य की अवैध शराब की तस्करी, निर्माण, विक्रय पर प्रभावी अंकुश के लिए सजगता से कार्य नही करने पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

# महवा थाना पुलिस का एरिया डोमिनेशन अभियान, 7 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**महवा।** दौसा जिले के महवा थाना पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान अवैध शराब, सट्टेबाजी और शांति भंग करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन तथा जयपुर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस के निर्देशानुसार महवा थाना क्षेत्र में दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व वृत्ताधिकारी मनोहरलाल आरपीएस एवं थानाधिकारी सचिन शर्मा ने किया।

पुलिस ने अभियान के दौरान 7 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया, जबकि 6 अन्य वारंटों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा अवैध शराब के तीन प्रकरण दर्ज करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा एक आरोपी फरार हो गया। वहीं सट्टे की खाईवाली करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

पुलिस कार्रवाई में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई तथा शांति भंग करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। नाकाबंदी के दौरान 15 वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार 17 मई 2026 को अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए विष्णु जाटव और राजेश मीणा को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं एक अन्य आरोपी रामबीर गुर्जर मौके से फरार हो गया। इसके अलावा धनसिंह कोली को सट्टे की खाईवाली करते हुए गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी बरामद की गई।

महवा थाना पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है।

# जैन सोशल ग्रुप 'आगम' की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

## पद एवं सेवा की शपथ के साथ 'आगम' की नई कार्यकारिणी ने संभाली जिम्मेदारी

स्मार्ट हलचल|कोटा

जैन सोशल ग्रुप 'आगम', कोटा द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह धार्मिक आस्था, संगठनात्मक ऊर्जा और सेवा भावना के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ देवाधिदेव 1008 श्री आदिनाथ भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा से हुआ, जिसमें समूह के सदस्यों ने श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।



इस अवसर पर जैन सोशल ग्रुप 'आगम' की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मनोज जैन एवं नीतू जैन के नेतृत्व में सचिव नीतेश-पूजा, उपाध्यक्ष, सह सचिव, कोषाध्यक्ष सहित कुल 38 पदाधिकारियों और सदस्यों ने पद एवं सेवा की शपथ ली। शपथ अधिकारी इंजी. मनीष जैन ने सभी पदाधिकारियों को विधिवत दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलाई। समारोह में संस्थापक अध्यक्ष कपिल जैन, संरक्षक इंजी. मनीष जैन, आईपीपी दीपक जैन सहित समूह के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कपिल जैन ने बताया कि आयोजन में सकल दिगंबर जैन समाज, कोटा के वरिष्ठ समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अतिथियों में प्रकाश बज, जितेंद्र हरसोरा, विमल नाता, संदीप चांदीवाला तथा फेडरेशन से अनिल काला, जे.के. जैन, राकेश पाटौदी और लोकेश जैन सहित अनेक गणमान्यजन शामिल रहे। अतिथियों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह के दौरान समूह की आगामी सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा गतिविधियों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मनोज जैन ने शपथ ग्रहण के दौरान चिकित्सा, शिक्षा, व्यापार मार्गदर्शन, बच्चों को सही दिशा देने, सामाजिक सरोकारों तथा धार्मिक गतिविधियों को केंद्र में रखकर कार्य करने के पांच प्रमुख संकल्पों की घोषणा की। उन्होंने संगठन को सेवा, संस्कार और समाजहित के माध्यम से नई पहचान दिलाने की प्रतिबद्धता जताई।

समारोह में संगठन से जुड़े 10 नए सदस्यों को भी शपथ दिलाकर औपचारिक रूप से समूह से जोड़ा गया। आत्मीय माहौल और सुव्यवर्स्थत संचालन के बीच आयोजित कार्यक्रम वात्सल्य भोज के साथ सम्पन्न हुआ।

# नादना गांव की पहाड़ी में लगी आग, वन विभाग ने शुरू किया राहत कार्य

स्मार्ट हलचल

मंडावर उपखंड क्षेत्र के समीप स्थित नादना गांव की पहाड़ियों में सोमवार को अचानक आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पहाड़ी क्षेत्र में सूखी झाड़ियों और घास के कारण आग तेजी से फैल गई, जिससे दूर-दूर तक धुएं का गुबार दिखाई देने लगा।

वन विभाग कर्मचारी भगवान सहाय मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए गए। विभागीय कर्मचारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग को फैलने से रोकने का कार्य लगातार जारी है।

उन्होंने बताया कि तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल रही थी, लेकिन टीम द्वारा सतर्कता के साथ राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में चिंता का माहौल बना हुआ है। प्रशासन एवं वन विभाग ने लोगों से पहाड़ी क्षेत्र में सावधानी बरतने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की है।

फिलहाल आग पर नियंत्रण पाने के प्रयास जारी हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# प्रिंसिपल रिव्यू डीपीसी की मांग को लेकर अतिरिक्त निदेशक से वार्ता



स्मार्ट हलचल|उदयपुर

प्रिंसिपल रिव्यू डीपीसी के पात्र अभ्यर्थियों की ओर से आज माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर में अतिरिक्त निदेशक शैलेंद्र देवड़ा से भेंट कर प्रिसिपल की अविलंब रिव्यू डीपीसी की मांग की गई ।

प्रतिनिधि मंडल के संयोजक सुरेश बागड़ा के अनुसार रेसला प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी गोदारा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर में डीपीसी की प्रभारी अधिकारी डॉ सोनिया शर्मा एवं अतिरिक्त निदेशक शैलेंद्र देवड़ा से मिलकर उन्हें अवगत कराया गया कि विगत वर्षों में प्रधानाध्यापकों तथा व्याख्याताओं का चयन वर्ष परिवर्तित हुआ जिसकी वजह से उनकी वरिष्ठता में भी परिवर्तन हुआ है। इस स्थिति में वरिष्ठ होने के बावजूद उन्हें आगामी वर्षों की प्रिंसिपल डीपीसी का लाभ नहीं मिला है जबकि सभी हेड मास्टर एवं कई व्याख्याता कनिष्ठ होकर भी प्रिंसिपल पद की पदोन्नति प्राप्त कर चुके हैं। ऐसे समस्त पात्र अभ्यर्थियों के लिए प्रिंसिपल पदों पर रिव्यू डीपीसी अविलंब आयोजित करवाई जाने की मांग की गई ताकि उन्हें अपनी वरिष्ठता का समुचित लाभ मिल सके। प्रतिनिधि मंडल की ओर से आगामी 25 मई तक मांग पूर्ण नहीं होने पर निदेशालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी गई है।

इस अवसर पर राज्य के जयपुर, अलवर, सिरोही, बाड़मेर, भरतपुर, टोंक, डीग आदि जिलों से संगठन के प्रतिनिधि ऋषिराज चौधरी, राजेंद्र त्रिपाठी, अनीता चौधरी, अलका भूड, भगवान सिंह, गोविंद प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# कार्यपद्धति का हमारे भाजपा संगठन में महत्वपूर्ण स्थान :- माहुर

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत झालावाड़ जिले के पदाधिकारियों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा की अध्यक्षता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहौर के मुख्य अतिथि में आज भवानी मंडी में शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में स्थानीय विधायक कालूराम मेघवाल पूर्व विधायक नरेंद्र नगर , मान सिंह चौहान , कन्हैयालाल पाटीदार, जिला महामंत्री दिनेश अग्रवाल, वर्ग संयोजक जिला महामंत्री हेमंत सिंह सोजपुर उपस्थत रहे , वर्ग की जानकारी देते हुए भवानी मंडी नगर मंडल के अध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि वर्ग के प्रथम सत्र में कार्यपद्धति विषय पर बोलते हुवे पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मुख्यवक्ता छगन माहुर ने कहा की बूथ से लेकर टोली एवं राष्ट्रीय स्तरीय बैठकें हमारे कार्य में सबसे महत्वपूर्ण है, आज के संचार क्रांति के युग में वर्चुअल बैठक का भी अपना महत्व है, वैधानिक एवं संगठनात्मक इकाई हमारी कार्यसमिति होती है, कार्यशालाऐं कार्यकर्ता को सक्रिय बनाने के लिए आयोजित होती है, प्रवास, प्रशिक्षण, कार्यालय, कार्यक्रम, आन्दोलन हमारी कार्यपद्धति की विशेषता है, हम सभी को कार्यकर्ता विकास, संभाल, विचार निष्ठा, समर्पण व परिवार भाव, सामुहिक निर्णय, समन्वय, संवाद, सम्पर्क प्रमाणिकता एवं महिला कार्यकर्ताओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ हम सभी को संगठन को आगे बढ़ाना है।



द्वितीय सत्र में भाजपा का इतिहास विकास विषय पर राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजनीति में भारतीय चिन्तन के आधार पर सकारात्मक विकल्प देने के लिए डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में 21 अक्टूबर 1951 को जनसंघ की स्थापना हुई, 1952 में दीपक चुनाव चिन्ह पर हमने पहला चुनाव लड़ा 3 सांसदों की विजय के साथ 3.06 प्रतिशत मत प्राप्त कर हमें राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रुप में मान्यता मिली, कश्मीर आन्दोलन से लेकर गोवा मुक्ति आंदोलन, तिब्बत मुक्ति आंदोलन, शिमला समझौते के विरुद्ध प्रदर्शन, आपातकाल के विरुद्ध आंदोलन, वैचारिक संकल्पों के साथ हम आगे बढ़ते रहे, राजस्थान में पहली महिला मुख्यमंत्री बनाने का सोभाग्य वसुंधरा राजे के रुप में हमें मिला , आपातकाल से संघर्ष में जनसंघ का भाजपा में विलय हुआ 2 सांसदों से विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल का दर्जा आज हमारा है, गरीब कल्याण का कार्य आज हमारी सरकारें कर रहीं है।

तृतीय सत्र में कोटा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकुट नागर ने कार्यकर्ता का विकास, संभाल और दायित्वबोध पर बोलते हुवे कहा की कार्यकर्ता संभाल मनोवैज्ञानिक विषय है, मित्रवत व स्नेहपूर्ण व्यवहार,आत्मिक संबंधों के आधार पर संगठन में पारिवारिक भाव विकसित करना हमारे कार्य की प्राथमिकता है हमारे कार्यकर्ता को अपने व्यवहार से नए लोगों की पार्टी में जोड़ना यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

चतुर्थ सत्र में बूंदी जिले के संगठन से प्रभारी गौरव शर्मा ने सिद्धांत का स्थान एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित राजनीतिक दल है, राष्ट्र प्रथम की अवधारणा से प्रेरित हमारी पार्टी का अधिष्ठान सिद्धांतों में है कि किसी जाति अथवा मजहब में , राष्ट्र प्रथम, पार्टी दुसरे एवं स्वयं तिहरे नम्बर की भावना से हम अनुप्रमाणित है, पंच निष्ठाओं को लेकर हम समाज जीवन में काम करते हैं

पंचम सत्र में प्रशिक्षण के प्रभारी राजेन्द्र नागर अंताणा ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर बोलते हुवे कहा क्यों कार्य विस्तार ही संगठन की मजबूती है, विचार चरित्र और अनुशासन के साथ हमें संगठन कार्य को संपूर्ण समाज के साथ एकात्मक करना है, अन्तिम सत्र में शिवांगी सिकरवार ने सोशल मीडिया विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया का महत्व आज के इंदौर में बहुत ज्यादा है, हमे सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मक रूप से संगठन को प्रभावी बनाने के लिए करना चाहिए, नागरिकों से संवाद को भी हमें इसमें व्यापक दृष्टि से रखना चाहिए सकारात्मक और नियमित संदेशों के माध्यम से जनसंपर्क को मजबूत करना चाहिए स्थानीय मुद्दों से जुड़ी सामग्री के माध्यम से नए मतदाताओं को जोड़ना चाहिए।

प्रशिक्षण वर्ग की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक हेमंत सिंह ने कहा कि दो दिवसीय आवासीय वर्ग में जिले के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन से पहले प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया जिसमें जनसंघ से लेकर आज तक की भारतीय जनता पार्टी की यात्रा का चित्र में प्रदर्शन किया गया है।

# ब्यावर में जल संकट गहराया: हिंदू हेल्पलाइन ने सौंपा ज्ञापन

## समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल




**ब्यावर।** शहर में लगातार पैर पसारते जल संकट, अनियमित जलापूर्ति, लो-प्रेशर और दूषित पानी की समस्या को लेकर सोमवार को हिंदू हेल्पलाइन ने जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता (ङ्गश्वह्) को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने दो टूक शब्दों में प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जनता को इस समस्या से जल्द निजात नहीं मिली, तो जलदाय विभाग के दफ्तर के बाहर बड़ा जनआंदोलन और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### इन इलाकों में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग

हिंदू हेल्पलाइन के नगर महामंत्री मनीष व्यास ने बताया कि संगठन के प्रांत अध्यक्ष मुकेश सोनी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में शहर के कई इलाकों की बदहाल स्थिति पर गंभीर चिंता जताई गई है। वर्तमान में शहर के: बिचड़ली गुजरात मोहल्ला,विजयनगर रोड व बलाड रोड,सेंदड़ा रोड (प्रेम नगर, भाटी नगर),बजरंग कॉलोनी और क्रांति नगर,सहित कई क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

### जलदाय विभाग के सामने रखी गई 4 मुख्य मांगें

नियमित और स्वच्छ पानी: शहर के हर हिस्से में शुद्ध और पर्याप्त पेयजल की नियमित सप्लाई सुनिश्चित हो। लो-प्रेशर से मुक्ति: कई इलाकों में प्रेशर कम होने से पानी घरों तक नहीं पहुँच रहा, इसका स्थायी समाधान किया जाए। लीकेज और मरम्मत: क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों को तुरंत सुधारा जाए ताकि पानी की बर्बादी और गंदे पानी की मिक्सिंग रोकी जा सके। टैंकरों से सप्लाई: जिन क्षेत्रों में पानी का गंभीर संकट है, वहाँ तुरंत अतिरिक्त टैंकर भिजवाए जाएं।

### भीषण गर्मी में फूटा जनता का आक्रोश

ज्ञापन देने पहुंचे पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में भी उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। कई जगहों पर गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है, जिससे महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

### 'ब्यावर फिर बन सकता है आंदोलन का केंद्र'

संगठन के पदाधिकारियों ने अधिकारियों को याद दिलाया कि ब्यावर शहर पहले भी पानी की समस्या को लेकर बड़े-बड़े जनआंदोलनों का गवाह रहा है। यदि प्रशासन ने इस ज्ञापन को हल्के में लिया, तो जनता सड़क पर उतरने को मजबूर होगी।

### ये रहे मौके पर मौजूद:

इस दौरान प्रांत अध्यक्ष मुकेश सोनी, विधिक सलाहकार एडवोकेट कपिल जालवाल, नगर महामंत्री मनीष व्यास, नगर उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, विक्रम रल, संगठन मंत्री बंटी कुमावत, सहसंगठन मंत्री कमलेश रावत, राजू गुर्जर, कपिल सोनी, मनोज जैन, दीपक अटवाल, नवीन कुमार, हिमांशु सिंह चौहान, रामदेव सिंह, भोजराज सिंह, संजय शर्मा सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता और पीड़ित शहरवासी उपस्थित रहे।

# स्व. मोहम्मद सईद खान की पांचवीं पुण्यतिथि पर आईसीयू बेड भेंट



स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

स्वर्गीय मोहम्मद सईद खान की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर अंजुम एक्सटेंसन प्रा. लि. के डायरेक्टर नदीम अंजूम द्वारा सीएसआर प्रोजेक्ट 'मिशन रोशनी' के तहत विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए गए। इस दौरान हेल्पिंग हैंड यूथ सोसाइटी द्वारा पूर्व से संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत होम केयर पेशेंट के लिए एक अतिरिक्त आईसीयू बेड भेंट किया गया।

इसके साथ ही जीवदया प्रकल्प के तहत विभिन्न गौशालाओं में गौमाताओं को हरा चारा खिलाकर एवं पक्षियों को दाना डालकर पुण्यतिथि को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया।

गौ सेवा के अंतर्गत श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला, गादोला स्थित गौशाला, वैदिक विश्वविद्यालय कल्याण गौशाला, श्री सांवरिया गौशाला एवं अम्मा माता के पीछे स्थित श्रीराम गौशाला में गौमाताओं को हरा चारा डालकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

इसी क्रम में कृषि उपज मंडी प्लेटफॉर्म पर पक्षियों के लिए मक्का डाली गई तथा भारत विकास परिषद के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ठंडा जल भी पिलाया गया।

इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा स्व. मोहम्मद सईद खान के सुपुत्र एवं अंजुम एक्सटेंसन प्रा. लि. के डायरेक्टर नदीम अंजूम का उपरना ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद अध्यक्ष उमेश तोतला, सचिव श्यामलाल आमेटा, प्रकाश चेलावत, हस्तीमल दुग्गड़, मिठ्ठूलाल पगारिया, विजय मारू, संतोष जैन, अशोक भराड़िया, दिलीप सिंह, अरविंद खंडेलवाल, भोपाल सिंह बोडाना, विजय कुमार बेरवा, बालमुकुंद राठी, पूर्व पार्षद श्याम सुंदर मुंदड़ा, विशाल शारदा, अर्जुन सोनी, ओमप्रकाश काबरा, अजीत जैन, निशांत गर्ग, अशरफ मेव, बबलू शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में नदीम अंजूम ने सभी संस्थाओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मेड़ता रोड स्टेशन यार्ड में एलसी-105 पर सफलतापूर्वक बॉक्स पुशिंग

### फाटक पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में सुरक्षित रेल संचालन के उद्देश्य से मेड़ता रोड-जोधपुर सेक्शन स्थित समपार फाटक संख्या-105 पर आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीक 'बॉक्स पुशिंग' का महत्वपूर्ण कार्य सोमवार को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। इस उपलब्धि को मंडल की बड़ी इंजीनियरिंग सफलता माना जा रहा है। मंगलवार को डाउन लाइन गर्डर की डि-लॉन्चिंग की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि एमटीडी-जोधपुर सेक्शन के एलसी-105 पर 5 मीटर म 6 मीटर आकार तथा 8.25 मीटर बैरल लंबाई वाले दो सेगमेंट का बॉक्स सफलतापूर्वक रेलवे ट्रैक के नीचे पुश किया गया। इसके साथ ही अप लाइन का गर्डर रविवार को सुरक्षित रूप से डि-लॉन्च कर लिया गया,जबकि डाउन लाइन गर्डर का कार्य मंगलवार को प्रस्तावित है।

कार्य के दौरान सुरक्षा और गुणवत्ता के सभी मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। लॉन्चिंग से पूर्व पीसीई स्वीकृति प्राप्त की गई। साइट पर सेल्फ कॉम्पैक्टिंग बैकफिल सामग्री और बैलास्ट पहले से उपलब्ध कराया गया। गर्डर डि-लॉन्चिंग से पहले बॉक्स किनारों पर पर्याप्त सैंड बैग लगाए गए तथा एक जॉइंट को कंक्रीट कैनवास एवं एमएस शीट से सील किया गया। बेहतर कम्पैक्शन के लिए बैकफिलिंग के दौरान परत-दर-परत पानी का छिड़काव भी किया गया।

डीआरएम ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफल बनाने में परिचालन,सिग्नल,विद्युत एवं इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के उत्कृष्ट समन्वय एवं सहयोग की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

### क्या होती है बॉक्स पुशिंग

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(पूर्व) श्रीचंद पूनिया के अनुसार बॉक्स पुशिंग रेलवे इंजीनियरिंग की आधुनिक तकनीक है,जिसमें पहले से तैयार विशाल आरसीसी बॉक्स को हाइड्रोलिक जैक की सहायता से रेलवे लाइन के नीचे धीरे-धीरे धकेला जाता है। बॉक्स के आगे की मिट्टी लगातार हटाई जाती है और संरचना ट्रैक के नीचे आगे बढ़ती रहती है। खास बात यह है कि इस दौरान अधिकांश समय रेल यातायात पूरी तरह बंद नहीं करना पड़ता।

### एलसी-105 पर क्या हुआ?

एलसी-105 पर रेलवे लाइन के नीचे बड़े आकार का कंक्रीट बॉक्स स्थापित किया गया है। भविष्य में यहां अंडरपास विकसित होने से समपार फाटक पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी।

# शाहपुरा में पानी के लिए त्राही त्राही



## उपखंड कार्यालय के गेट पर विरोध प्रर्दशन

स्मार्ट हलचल

शाहपुरा मे पानी की समस्या को लेकर लोकप्रिय विधायक मनीष यादव के निर्देशानुसार प्रदेश सचिव कांग्रेस प्रवीण व्यास,कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी,नगर अध्यक्ष मुकेश खुडानिया,पार्षद घनश्याम सैनी के नैतृत्व में महिलाओं का विरोध प्रर्दशन वार्ड 32 के हनुमान सागर,ठाकुरो वाली,काकोडिया वाली, तेल्यावाली,मनुविहार, मिश्रा कॉलोनी,नाथ कॉलोनी,राजपूत कॉलोनी,काठाला वाली की महिलाऐं हाथो मे खाली मटकी लेकर पहुची उपखंड कार्यालय....

शाहपुरा उपखंड क्षेत्र मे शहरी व ग्रामीण क्षैत्र मे गर्मी के मौसम मे हमेशा चलने वाले निःशुल्क टैंकर अबकि बार गायब,आखिर क्यो नही चलाये जा रहे टैंकर..

उपखंड अधिकारी संजीव खैदर को कराया पानी की किल्लत को अवगत जिसके बाद शाहपुरा उपखंड अधिकारी ने जलदाय विभाग एईएन शिशुपाल सैनी को बुलाया उपखंड कार्यालय। एईएन शिशुपाल सैनी जब उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुचे तो महिलाओं ने एईएन के सामने फोडे मटके, जमकर जताया विरोध की नारेबाजी..।

शाहपुरा उपखंड अधिकारी संजीव खैदर का आश्वासन आज विरोध प्रर्दशन कर रहे वार्डवासियों को शांत करवाकर जब तक पाइप लाईन डलकर पानी की सप्लाई चालू होगी तब तक कल से ही पानी के टैंकरों की सप्लाई शुरू जलदाय विभाग कर देगा।

नगर परिषद में पानी की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया

प्राप्त जानकारी के अनुसाए इस दौरान जितेंद्र शर्मा पार्षद असलम कुरैशी घनश्याम सैनी राजू शर्मा रामेश्वर बुनकर बनवारी लाल बुनकर घनश्याम सिंह कर्मवीर गुर्जर रामेश्वर सैनी शंभू सैनी रामकरण यादव पतासी देवी कौशल्या गीता तेजा सुनीता कंवर कमली शांति गुड्डी मानवारी देवी साहित्य सैकड़ो महिला पुरुष रहे मौजूद।

# चैनसिंह राठौड़ की हैट्रिक, तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष हुआ भव्य स्वागत

स्मार्ट हलचल | कोटा

राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक्स संघ के वर्ष 2026-2030 कार्यकाल हेतु प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव में कोटा भूमि विकास बैंक एवं कोटा सरस डेयरी के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। प्रदेशभर के 21 जिला संघों के प्रतिनिधियों ने एकमत होकर उनके नाम पर मुहर लगाई।

निर्वाचन की सूचना फैलते ही राठौड़ को व्यक्तिगत भेंट, सोशल मीडिया एवं दूरभाष के माध्यम से बधाई व शुभकामनाओं का तांता लग गया। डेयरी मुख्यालय पहुँचने पर राजस्थान सेवानिवृत्त कल्याण संस्थान एवं कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। पुष्पमालाओं एवं बुके से सुसज्जित करते हुए मुँह मीठा कराया गया।


इस अवसर पर राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में जिम्नास्टिक्स खेल के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में 19 से 34 इकाइयों के गठन की योजना है, जिससे खेल गतिविधियों को जमीनी स्तर पर सशक्त किया जा सकेगा।

राठौड़ ने कहा, 'जिम्नास्टिक्स एक बहुआयामी खेल है, जो बच्चों एवं युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह अनेक अन्य खेलों की आधारभूमि भी तैयार करता है।' उन्होंने यह भी बताया कि विगत कार्यकाल में कोटा में व्यापक कार्य किया गया तथा खिलाड़ियों के लिए आवश्यक खेल उपकरणों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

# टोंक एसीबी में ऋषिकेश मीणा ने संभाला एएसपी का पदभार-भ्रष्टाचार पर रहेगी जीरो टॉलरेंस नीति

### आमजन से अपील-रिश्वत मांगने वालों की तुरंत करें शिकायत,सत्यापन के बाद होगी सख्त कार्रवाई

स्मार्ट हलचल



**टोंक।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) टोंक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) पद पर ऋषिकेश मीणा ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालने के बाद उन्होंने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि राज्य सरकार एवं एसीबी मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी विभाग का अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत मांगता है अथवा किसी प्रकार का दबाव बनाता है, तो उसकी सूचना तुरंत एसीबी टोंक को दी जाए। शिकायत मिलने पर एसीबी टीम द्वारा सत्यापन कर त्वरित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एएसपी ऋषिकेश मीणा ने आमजन को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा तथा पारदर्शी और निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद जिले में भ्रष्टाचार के मामलों पर प्रभावी निगरानी और कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

# राजकीय विद्यालय में समर कैंप व समाज सेवा शिविर का आयोजन





स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जारोड़ा कलां में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समर कैंप एवं समाज सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल गतिविधियों एवं स्वच्छता अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

समर कैंप के तहत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकूद सहित कई मनोरंजक एवं शारीरिक विकास से जुड़े खेल खिलाए गए। खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में टीम भावना, अनुशासन एवं आत्मविश्वास विकसित करने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ खेलों में भाग लिया और आनंद उठाया।

वहीं कक्षा 12 के विद्यार्थियों द्वारा समाज सेवा शिविर के अंतर्गत विद्यालय परिसर एवं गांव में स्थित तालाब पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा ग्रामीणों को भी साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए श्रमदान किया।

इस अवसर पर पीईईओ मोहम्मद अख्तर नदीम ने कहा कि 'समर कैंप और समाज सेवा जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहना चाहिए, ताकि वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें।'

वहीं उपप्रधानाचार्य सुरेश चंद निंदावत ने कहा कि 'विद्यालय में आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग एवं सेवा भावना का विकास करते हैं। स्वच्छता अभियान से विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपने दायित्वों का भी अनुभव होता है।'

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों के उत्साह एवं सहयोग की सराहना की।

# जिला कार्यकारिणी मीटिंग सम्पन्न

### समाज के शोषण पर रोक के लिए किया आभार व्यक्त



स्मार्ट हलचल

**जयपुर-सीकर।** शहर के राधाकिशनपुरा में स्थित बगरानिया भवन में मीना समाज के मातृ-संगठन राजस्थान आदिवासी मीना सेवा संघ की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग जिलाध्यक्ष बाबूलाल मीना की अध्यक्षता में रविवार को देर रात सम्पन्न हुई । मीटिंग में चार वर्ष की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए वर्ष 2022 से समाज के शोषण पर लगाई गई रोक को बरकरार रखने के लिए एक दूसरे को बधाई दी तथा सच्चाई व न्याय का साथ देते हुए संघर्ष में तन मन धन सहयोग की वचनबद्धता जताई । जिलाध्यक्ष बाबूलाल मीना काँवट ने बताया कि मीटिंग में टीम भावना से सामाजिक उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए समाज के सर्वहितों में भविष्य के रोडमेप में समाज में जागरूकता अभियान चलाकर तकनीकी शिक्षा तथा समाज सुधारों की दिशा में आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया ।

जिला व तहसील पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानी लक्ष्मीनारायण झरवाल के संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज की भलाई और उत्थान के लिए संघर्ष से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करने का आह्वान पर । मीटिंग में पदाधिकारियों की व्यक्तिगत सहयोग राशी से किये गए कार्यो एवं प्रयासों की समीक्षा करते हुए जाजम से लेखाजोखा पर पारदर्शिता की मोहर लगाई । मीटिंग के अंत मे जनगणना में आदिवासी धर्म, कबीलाई संस्कृति तथा प्रथागत कानून से किसी तरह का समझौता नहीं करने का प्रस्ताव पारित किया गया । जनगणना से जुड़ी प्रस्ताव की जानकारी गाँवो और ढाणियों तक पहुंचाई जाएगी । मीटिंग में संरक्षक जगदीश मांडोता, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सज्जन मीना, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभुदयाल मीना, जिला उपाध्यक्ष मनसुख मीना, जिला महामंत्री जगदीश मीना, जिला कोषाध्यक्ष भागचन्द मीना, सीकर तहसील अध्यक्ष बजरंगलाल मीना, श्रीमाधोपुर अध्यक्ष अरुण मीना, नीमकाथाना अध्यक्ष जगमाल मीना, धोद अध्यक्ष रामनिवास मीना, रामगढ़ शेखावाटी अध्यक्ष नागरमल मीना, लक्ष्मणगढ़ अध्यक्ष राजवीर मीना, पाटन अध्यक्ष बाबूलाल मीना रींगस अध्यक्ष ओमप्रकाश मीना एवं अन्य कई पदाधिकारी शामिल रहे।

# माली समाज के सम्मान समारोह में 120 क्रिएटर्स और पत्रकारों का हुआ भव्य स्वागत सम्मान

स्मार्ट हलचल



**नगर फोर्ट** / माली सैनी समाज टोंक के तत्वावधान में बम्बोर रोड़ स्थित सिद्धिविनायक रिसॉर्ट में एक ऐतिहासिक 'डिजिटल क्रिएटर एवं पत्रकार सम्मान समारोह' का सफल भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक कुलदीप सैनी ने बताया कि समाज के जिला अध्यक्ष पाँचूलाल सैनी की अध्यक्षता में हुए इस भव्य समा

गम में टोंक जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 120 प्रतिभाओं में पत्रकारों, सोशल मीडिया योद्धाओं और उभरते डिजिटल सितारों का उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए अभिनंदन किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, अतिथियों का साफा-माला , दुपट्टा मोमेंटो प्रमाण पत्र से स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम संयोजक कुलदीप सैनी ने बताया कि समारोह का विधिवत आगाज़ मुख्य अतिथि जगतगुरु प्रदेशाध्यक्ष किन्नर अखाड़ा राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष तनीषा सैनी सनातनी, विशिष्ट अतिथियों, समाज के संरक्षक मंडल और सलाहकार मंडल के वरिष्ठ प्रबुद्धजनों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करके किया गया। इसके पश्चात् आयोजन समिति और समाज बंधुओं द्वारा मंच पर विराजमान सभी अतिथियों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा, माला और दुपट्टा पहनाकर भावभीना स्वागत किया गया।

### समाज के पत्रकारों का हुआ स्वागत सम्मान –

कलम के सिपाहियों और सोशल मीडिया हीरोज का महासंगम संयोजक मंडल के अनुसार, समारोह में निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए महेंद्र कुमार सैनी, ओम प्रकाश सैनी, अशोक सैनी चोरु, अशोक कुमार सैनी उनियारा,दीपराज सैनी पचाला न्यूज़ सहित विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े कलम के सिपाहियों को मंच पर प्रमाण पत्र,दुपट्टा, मोमेंटोस्मृति चिह्न , माला पहना कर सम्मानित किया गया। इसके साथही, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे डिजिटल मंचों पर लाखों फॉलोअर्स के साथ समाज व क्षेत्र की बात रखने वाले 5000 से अधिक फॉलोअर्स श्रेणी के 'डिजिटल योद्धाओं' को प्रशस्ति पत्र सौंपे गए साथ ही, 'उभरते डिजिटल सितारों' को माला व दुपट्टा पहनाकर प्रोत्साहित किया गया ।

### युवा रचनात्मकता को सही दिशा देना ज़रूरी:

तनीषा सनातनी समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तनीषा ने कहा कि आज का युग डिजिटल सूचनाओं का युग है। हमारे समाज के युवा सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और सकारात्मक विचारों को समाज के सामने ला रहे हैं, जो कि बेहद सराहनीय है। वहीं अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष पाँचूलाल सैनी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज अपनी प्रतिभाओं की हौसलाअफजाई के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।

वही कार्यक्रम में गायक कलाकार प्रकाश माली मेहंदवास कैलाश कछावा, राम बडी वाल ,सीताराम सैनी, रामावतार सैनी,तेजपाल सैनी, बनवारी लाल सैनी, रामस्वरूप सैनी,नरेंद्र सैनी आदि कहीं मौजूद रहे ।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने कार्यक्रम संयोजक कुलदीप सैनी और डिजिटल सोशल मीडिया क्रिएटर समारोह कार्यक्रम के सभी प्रतिभाओं ने आयोजन समिति की सराहना की।

# मन की साधना



**चतुर्मास** का समय निकट आया तो भिक्षु सुशांत ने बुद्ध से आग्रह किया प्रभु, मैं नगरवधू सोमलता के सान्निध्य में अपना चतुर्मास व्यतीत करना चाहता हूं। कृपया इसकी आज्ञा प्रदान करें। यह सुनकर बुद्ध मुस्कराए। वह समझ गए कि यह वहां जाकर मन को साधकर सच्चा साधक होना चाहता है, लेकिन अन्य भिक्षुओं ने इस पर आपत्ति जताई। उन्हें संदेह था कि सुशांत कहीं अपने पथ से विचलित न हो जाए, पर बुद्ध ने भिक्षुओं के विरोध के बावजूद उसे आशीर्वाद देते हुए कहा, जाओ और आगे बढ़कर आना। सुशांत सोमलता के पास पहुंचा। वहां सब उसे देखकर आश्चर्यचकित रह गए। लेकिन सुशांत अपने संकल्प पर अडिग था।

इधर सोमलता के घुंघरुओं की आवाज गूंजती और उधर सुशांत अपनी साधना में लीन रहता। सोमलता सुशांत को रिझाने का प्रयास करती, मगर वह निर्लिप्त रहता। एक मास गुजर गया मगर सोमलता सुशांत को डिगा न सकी। हां, उससे थोड़ी सहानुभूति अवश्य होने लगी। उसने दूसरों को भी साधना के क्षणों में शांत रहने को कह दिया। चौथा मास आते-आते सुशांत ने अपने मन पर नियंत्रण पा लिया था। वह सोमलता या अन्य सुंदरियों की ओर आंख उठाकर भी नहीं देखता था। संगीत उसे बुद्ध-वाणी की तरह लगता था और नृत्यालय देवालय की तरह। चार मास पूर्ण हुए और सुशांत अपने मठ की ओर वापस चला तो सबने आश्चर्य से देखा- भिक्षुणी बनी सोमलता उसके पीछे-पीछे अपना सर्वस्व त्याग कर जा रही थी। सोमलता अपने रूप-रंग से सुशांत को रिझा न सकी, मगर सुशांत के तप का प्रभाव सोमलता पर दिख रहा था। सुशांत वास्तव में आगे बढ़ गया था।

## भाग्य और पुरुषार्थ

राजा विक्रमादित्य के दरबार में कई ज्योतिषी थे। मगर वह कोई काम शुभ लग्न देख कर या ज्योतिषी की सलाह लेकर नहीं करते थे। एक दिन राज ज्योतिषी उनके पास आए और बोले, महाराज, आप के दरबार में कई ज्योतिषी हैं। आप की तरफ से उन्हें सभी सुविधाएं मिली हुई हैं, पर आप कभी हमारी सेवाएं नहीं लेते। आज मैं आप की हस्तरेखा देख कर यह जानना चाहता हूं कि आप ऐसा क्यों करते हैं?

राजा ने कहा, मेरे पास इतना समय नहीं रहता कि मैं आप लोगों से सलाह ले सकूं। जहां तक हस्तरेखा की बात है तो मैं इसमें विश्वास नहीं रखता। लेकिन आप कह रहे हैं तो देख लीजिए। हाथ देख कर राज ज्योतिषी चक्कर में पड़ गए। उनकी आवाज बंद हो गई। राजा ने पूछा, क्या हुआ। आप इतने परेशान क्यों हैं? राज ज्योतिषी ने कहा, राजन्, आप की हस्तरेखाएं तो कुछ और कहती हैं। ज्योतिष के अनुसार आप को तो दुर्बल और दीनहीन होना चाहिए था। लेकिन आप तो इसके विपरीत हैं। हजारों साल से ज्योतिष विद्या पर विश्वास करने वाले लोग आपकी रेखाएं देख कर भ्रमित हो जाएंगे। समझ में नहीं आ रहा कि ज्योतिष को सच मानूं या आप की रेखाओं को। विक्रमादित्य ने कहा, अभी तो आप ने मेरे बाहरी लक्षणों को ही देखा है, अब आप हमारे अंदर झांक कर देखिए। इतना कह कर राजा ने तलवार की नोक अपने सीने में लगा दी। राज ज्योतिषी घबरा कर बोले, बस महाराज, रहने दीजिए।

राजा ने कहा- ज्योतिषी महाराज, आप परेशान मत हों। ज्योतिष विद्या भी तभी सार्थक सिद्ध होती है, जब मनुष्य में कुछ करने का संकल्प हो। हस्तरेखाएं तो भाग्य नहीं बदल सकतीं, लेकिन मनुष्य में यदि पुरुषार्थ है, अभाग्य से लड़ने की शक्ति है तो उसकी नकारात्मक रेखाएं भी अपने रूप बदल सकती हैं। लगता है मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। राज ज्योतिषी अवाक हो गए।

गीता डॉक्टर की भांति है। बस फर्क इतना ही है कि डॉक्टर शरीर के रोगों का इलाज करता है, जबकि गीता मन के रोगों का इलाज करती है और उन्हें दूर करने का मार्ग दिखाती है।

# गीता में है जीवन का ज्ञान



**गीता** का उपदेश जीवन की धारा है। चूंकि गीता में जीवन की सच्चाई छिपी है और इसमें जीवन में आने वाली दुश्वारियों के कारण व निवारण दोनों को ही विस्तार से समझाया गया है। इसलिए गीता के उपदेश विश्व भर में प्रसिद्ध हैं और हर वर्ग को प्रभावित करते हैं।

गीता डॉक्टर की भांति है। बस फर्क इतना ही है कि डॉक्टर शरीर के रोगों का इलाज करता है, जबकि गीता मन के रोगों का इलाज करती है और उन्हें दूर करने का मार्ग दिखाती है। जिस प्रकार डॉक्टर रोगी को रोग के निवारण के साथ-साथ उसके कारण भी बताता है। ठीक उसी प्रकार से गीता का अगर गहनता से अध्ययन किया जाए तो इससे मन के रोगों का कारण और निवारण दोनों का पता चल जाता है। गीता मन के रोगों को दूर करने का एक सशक्त माध्यम है।

गीता ज्ञान से मानव जीवन में मोह को भी आसानी से दूर किया जा सकता है। मोह जीवन लीला को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। जीवन में दुखों का सबसे बड़ा कारण मोह ही है। जीवन को अगर सफल बनाना है और मोह से मुक्ति पानी है तो गीता की शरण में जाना पड़ेगा। गीता से ज्ञान पा कर मानव मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। गीता का ज्ञान मनुष्य को उसकी आत्मा के अमर होने के विषय में बोध करवा कर अपने कर्तव्य कर्म को पूर्ण निष्ठा से करने को प्रेरित करता है। परमात्मा ने मनुष्य को देह केवल भोग के लिए प्रदान नहीं की है, अपितु हमें इसका उपयोग मोक्ष प्राप्ति के लिए करना चाहिए।

साधू व नदी कभी एक स्थान पर नहीं रुकते और निरंतर आगे बढ़ते हुए विभिन्न स्थानों पर जन-जन के हृदयों में अपने ज्ञान व भक्ति के प्रभाव से उन्हें लाभांवित व आनंदित करते हैं। प्रत्येक मानव को पूरी श्रद्धा व निष्ठा से पर-उपकार के लिए तैयार रहना चाहिए और अपने ज्ञान से जगत को प्रकाश मान करने का प्रयास करते रहना चाहिए, असल में यही मानव धर्म है।

अगर श्रीमद्भगवद् गीता का अध्ययन नित्य करें, तो इस बात का आभास सहजता से होता है कि उसमें सिखाया कुछ नहीं गया है, बल्कि समझाया गया कि इस संसार का स्वरूप क्या है? उसमें यह कहीं नहीं कहा गया कि आप इस तरह चलें या उस तरह चलें, बल्कि यह बताया गया है कि किस तरह की चाल से आप किस तरह की छवि बनाएंगे? उसे पढ़कर मनुष्य कोई नया भाव नहीं सीखता, बल्कि संपूर्ण जीवन सहजता से व्यतीत करने के मार्ग पर चल पड़ता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसमें एक वैज्ञानिक सूत्र है कि 'गुण ही गुणों को बरतते हैं।' इसका मतलब यह है कि जैसे संकल्पों, विचारों तथा कर्मों से आदमी बंधा है, वैसा ही वह व्यवहार करेगा। उस पर खाने-पीने और रहने के कारण अच्छे तथा बुरे प्रभाव होंगे। सीधी बात यह है कि अगर आप यह चाहते हैं कि अपने ज्ञान के आईने में आप स्वयं को अच्छे लगें तो अपने संकल्प, विचारों तथा कर्मों में स्वच्छता के साथ अपनी खान-पान की आदतों तथा रहन-सहन के स्थान का चयन करना पड़ेगा।

अगर आप आने अंदर दोष देखते हैं तो विचलित होने की बजाय यह जानने का प्रयास करें कि आखिर वह किसी बुरे पदार्थ के ग्रहण करने या किसी व्यक्ति की संगत के परिणाम से आया है। जैसे ही आप गीता का अध्ययन करेंगे, आपको अपने अंदर भी ढेर सारे दोष दिखाई देंगे और उन्हें दूर करने का मार्ग भी पता लगेगा।

गीता किसी को प्रेम करना, अहिंसा में लिप्त होना नहीं सिखाती, बल्कि प्रेम और अहिंसा का भाव अंदर कैसे पैदा हो, यह समझाती है। सिखाने से प्रेम या अहिंसा का भाव नहीं पैदा होगा, बल्कि वैसे तत्वों से संपर्क रखकर ही ऐसा करना संभव है। कोई दूसरे को प्रेम नहीं सिखा सकता, क्योंकि जिस व्यक्ति का घृणा पैदा करने वाले तत्वों से संबंध है, उसमें प्रेम कहां से पैदा होगा?

श्रीमद्भगवद् गीता में चार प्रकार के भक्त बताए गए हैं। भगवान की भक्ति होती है तो जीव से प्रेम होता है। अतः भक्ति की तरह प्रेम करने वाले भी चार प्रकार के होते हैं-आर्ती, अर्थार्थी, जिज्ञासु तथा ज्ञानी। पहले बाकी तीन का प्रेम क्षणिक होता है जबकि ज्ञान का प्रेम हमेशा ही बना रहता है। अगर आपके पास तत्व ज्ञान है तो आप अपने पास प्रेम व्यक्त करने वालों की पहचान कर सकते हैं, नहीं तो कोई भी आपको हांक कर ले जाएगा और धोखा देगा।

# जीवन का आधार है आध्यात्मिक ऊर्जा



ऊर्जा एक ऐसी अदृश्य शक्ति है, जिसे हम देख नहीं सकते, बल्कि उसका अनुभव कर सकते हैं। यही ऊर्जा हमारे जीवन का आधार है।

## विज्ञान की भाषा

विज्ञान इन अदृश्य शक्तियों को एनर्जी कहता है। उदाहरण के लिए बिजली से बल्ब जलता है, पंखे चलते हैं, लेकिन हम बिजली को कभी नहीं देख पाते हैं। हम उसका न केवल कार्य, बल्कि परिणाम भी देखते हैं। उसके स्वरूप के बारे में जान पाना कठिन है। ठीक उसी प्रकार प्रत्येक जीव में ऊर्जा मौजूद होती है, जिससे जीव में प्राण-शक्ति का संचार होता रहता है। दूसरे शब्दों में कहें, तो इस प्राण-शक्ति को हम देख नहीं पाते हैं।

**संसार** के सभी प्राणियों में ऊर्जा मौजूद है। वास्तव में यह ऊर्जा हमारे जीवन का आधार है। इसे हम अणु, परमाणु, एनर्जी आदि नामों से जानते हैं। यानी अपनी सुविधा के अनुसार, हम ऊर्जा को अलग-अलग नाम दे देते हैं। यह एक ऐसी अदृश्य शक्ति है, जिसका हम केवल अनुभव ही कर सकते हैं, देख नहीं सकते। हम अपनी आंखों से तो पृथ्वी पर मौजूद सभी पदार्थों को देख लेते हैं, लेकिन ऊर्जा को देख पाना हमारे लिए संभव ही नहीं हो पाता है। लेकिन उन्हें महसूस जरूर कर सकते हैं। लेकिन फिर भी इन अदृश्य शक्तियों के अस्तित्व को अस्वीकार कर पाना हमारे लिए असंभव होता है।

## ऊर्जा और अध्यात्म का संबंध

अध्यात्म की भाषा में ऊर्जा को न केवल प्राण-वायु या आत्मा कहा जाता है, बल्कि जीव को ईश्वर का अंश भी माना जाता है। यह ऊर्जा ही है, जो सभी जीवों को जिंदा रखने में मदद करता है। हम देखते हैं कि अदृश्य शक्ति, यानी ऊर्जा के सहारे हमारे शरीर के सभी अंग सुचारू रूप से काम करते हैं। जैसे ही वह अदृश्य-शक्ति की लोप होती है, हमारे शरीर की सभी क्रियाएं बंद हो जाती हैं। शरीर के सभी अंग-आंख, नाक, कान, यहां तक कि इंद्रियां भी काम करना बंद कर देती हैं और शरीर निष्क्रिय हो जाता है।

हम यह सोचने के लिए मजबूर हो जाते हैं कि आखिर वह कौन सी शक्ति है, जो हमारे अंगों को संचालित करती है? आज का विज्ञान भले ही चांद, तारों और ग्रहों के बारे में हमें जानकारी देता हो, लेकिन आज भी इस अदृश्य-शक्ति को समझने की क्षमता अभी तक विज्ञान के पास नहीं है। शायद इसलिए कहा जाता है कि जहां विज्ञान की सीमा समाप्त हो जाती है, वहीं से महा विज्ञान शुरू हो जाता है। वास्तव में यह महाविज्ञान अध्यात्म है, जीवन दर्शन है। हमारा जीवन-दर्शन न केवल जीवन के अनुभवों के बारे में बताता है, बल्कि जीवन के रहस्यों को भी समझने का प्रयास करता है। यही वजह है कि इसकी पढ़ाई विद्यालयों या महाविद्यालयों में नहीं होती है। ऋषि-मुनियों ने वर्षों पूर्व ऐसे ही रहस्यों को समझने की कोशिश की थी। यदि इस रहस्य को समझने की स्थिति में जीव आ जाता है, तो उसे जीवन-शक्ति का अनुभव भी होने लगता है।

जीवन-शक्ति का अनुभव प्राप्त करने के लिए हमे सबसे पहले ऊर्जा के अदृश्य स्वरूप का अनुभव प्राप्त करना पड़ेगा, क्योंकि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि जीवन-शक्ति का केवल अनुभव किया जा सकता है, देखा या परखा नहीं जा सकता है। हमारी आंखें देखती हैं, कान सुनता है, लेकिन इस देखने और सुनने की प्रक्रिया को हम केवल अनुभव कर सकते हैं। यदि हम अपने अनुभवों को न केवल अपने अंतर्मन में उतार लेते हैं, बल्कि इस प्रक्रिया के आदी भी हो जाते हैं, तो इसे ही साधना कहा जाता है। यह साधना ही है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन-शक्ति का अनुभव करने लगता है। इसके लिए हमें आत्म-केंद्रित होना अति आवश्यक होता है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com